राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
RNI : DELHIN/2006/19302
वर्षः 19 अंकः 39 पृष्ठः 12
DL(N) /145/2021-23
राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# दिल्ली हुई 'भगवामय'

## दिल्ली विधानसभा में 27 साल बाद भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत



**प्रचंड बहुमत**

- कुल 70 में से 47 पर भाजपा विजयी, एक पर आगे, आआपा को मिलीं 22 सीटें
- वर्ष 2020 के चुनाव के मुकाबले आप को 40 सीटों का हुआ घाटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त देते हुए 48 सीटें जीती हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के खाते में 22 सीटें आई हैं। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा की 70 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। चुनावी नतीजों से स्पष्ट है कि भाजपा ने दिल्ली में अपने 27 साल का वनवास खत्म कर दिया है। भाजपा को मतगणना में 45.66 प्रतिशत, आम आदमी पार्टी को 43.55 प्रतिशत और कांग्रेस को 6.35 प्रतिशत मत मिले हैं। दिल्ली विधानसभा की कुल 70 सीटों में से 68 पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे, जबकि दो सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी थीं। भाजपा-नीत राजग के घटक दल जदयू ने बुराड़ी सीट से शैलेन्द्र कुमार और लोजपा (रामविलास) ने देवली सीट से दीपक तंवर को मैदान में उतारा था, लेकिन दोनों उम्मीदवार चुनाव हार गए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप प्रवक्ता दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान और सोमनाथ भारती चुनाव हार गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी और कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने अपनी सीट बचा ली है। भाजपा के प्रवेश साहिब सिंह, सतीश उपाध्याय, बिजेन्द्र गुप्ता, आम आदमी पार्टी से आए कैलाश गहलोत और अरविंदर सिंह लवली, कांग्रेस से आए राजकुमार चौहान, मोहन सिंह बिष्ट चुनाव जीत गए हैं। वहीं रमेश बिधूड़ी कालकाजी सीट से हार गए हैं।

**भाजपा ने इतने अंतर से ये सीटें जीतीं–**
नरेला से राज करन खत्री (8596), तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री (1168), आदर्श नगर से राज कुमार भाटिया (11482), बादली से अहिर दीपक चौधरी (15163), रिठाला से कुलवंत राणा (29616), बवाना से रविन्द्र इन्द्राज सिंह (31475), मुन्डका से गजेन्द्र दराल (10550), नांगलोई जाट से मनोज कुमार शौकीन (26,251), मंगोल पुरी से राज कुमार चौहान (6255), रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता (37816), शालीमार बाग से रेखा गुप्ता (29595), शकूर बस्ती से करनैल सिंह (20998), त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता (15,896), वजीरपुर से पूनम शर्मा (11425), माडल टाउन से अशोक गोयल (13415), मोती नगर से हरीश खुराना (11657), मादीपुर से कैलाश गंगवाल (10899), राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा (18,190), हरि नगर से श्याम शर्मा (6632), जनकपुरी से आशीष सूद (18766), उत्तम नगर से पवन शर्मा (29,740), द्वारका से प्रद्युम्न सिंह राजपूत (7829), मटिआला से संदीप सहरावत (28,723), नजफगढ़ से नीलम पहलवान (29,009), बिजवासन से कैलाश गहलोत (11,276), पालम से कुलदीप सोलंकी (8952), राजिंदर नगर से उमंग बजाज (1231), नई दिल्ली से प्रवेश साहिब सिंह (4089), जंगपुरा से तरविन्दर सिंह मारवाह (675), कस्तूरबा नगर से नीरज बैसोया (11048), मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय (2131), आरके पुरम से अनिल कुमार शर्मा (14,453) को वोट मिला है।

## केजरीवाल हारे दिल्ली चुनाव, आप के सामने खड़ा हुआ संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल न सिर्फ हारे हैं, बल्कि वो अपनी पार्टी को भी सत्ता से बेदखल होने से नहीं रोक सके। 12 साल में अपनी पार्टी को जमीन से आसमान तक पहुंचाने वाले केजरीवाल की हार उनके अपने राजनीतिक करियर ही नहीं बल्कि उनके पार्टी के अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से खड़े होकर केजरीवाल ने पार्टी बनाई और दिल्ली की सत्ता में प्रचंड बहुमत से 2015 और 2020 में काबिज हुए। हालांकि इस दौरान उनकी राह आसान नहीं रही।

**2014 से भी बड़ी है केजरीवाल की ये हार**
2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा। इस चुनाव से वह संकेत देना चाहते थे कि आम आदमी पार्टी देश के फलक पर एक बड़ी पहचान बनाने के लिए तैयार है। लेकिन बनारस की जनता ने उनको नकार दिया और यहां से उन्हें शिकस्त मिली। हालांकि केजरीवाल दिल्ली की जनता ने सर-आंखों पर बैठाया और दो बार भारी जनादेश दिया। हालांकि 2025 के चुनाव में



केजरीवाल जनता की नब्ज को नहीं पकड़ सके और उन्हें और उनकी पार्टी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

**केजरीवाल के लिए परीक्षा की घड़ी है यह समय**
यह समय केजरीवाल के लिए एक बड़ी परीक्षा की घड़ी है। इस समय उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी को एकजुट रखने की होगी। दिल्ली में अभी तक केजरीवाल लगभग सत्ता में ही रहे हैं और सरकार जाने के बाद पार्टी को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।अब वास्तव यह केजरीवाल की परीक्षा का समय है। अब उनकी लीडरशिप का सही मायनों में टेस्ट होगा। इस परीक्षा की घड़ी में वह बेहतर करते हैं तो दिल्ली और देश को बेहतर विकल्प देने की क्षमता रखेंगे, नहीं तो पार्टी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाते कार्यकर्ता।

## दिल्ली की जीत में 'आप-दा' से मुक्ति का सुकूनः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में कहा कि दिल्ली में मिली आज की जीत से राजधानी में उत्साह और सुकून का माहौल है। उत्साह विजय और सुकून 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी) से मुक्ति का है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें ज्यादा हैं।



इस जीत के उपलक्ष में पार्टी मुख्यालय में पहुंचे प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं को जीत की बधाई दी और भाजपा पर भरोसा जताने के लिए दिल्लीवासियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब आम आदमी पार्टी के 10 वर्षों के कुशासन से मुक्त हुई है।

## मिल्कीपुर में चला योगी का जादू, मिली बंपर जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः** अयोध्या में एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करिश्मा सामने आया है। मिल्कीपुर उप चुनाव में सिपहसलारों की मदद से भाजपा को भारी मतों से जिताकर योगी ने कुशल संगठनकर्ता होना साबित किया है। न तो पिछड़ा, न दलित और न ही अल्पसंख्यक मतों को सहेजने में कामयाबी मिली। टीम योगी ने राम मंदिर निर्माण के बाद भी फैजाबाद लोकसभा सीट हारने की टीस को मिटाने में कामयाबी पाई है।



## जनता ने आप के भ्रष्टाचार को नकाराः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त किया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आज आम आदमी पार्टी (आआपा) एवं अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार, आराजकता एवं अकर्मण्यता से भरे शासन को पूरी तरह नकार दिया है और विश्वास प्रकट करते हुए एक बड़ा बहमुत भाजपा को दिया है। सचदेवा ने कहा कि लगभग 27 वर्ष



के लम्बे अंतराल के बाद दिल्ली की जनता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व जन समर्थन के साथ चुन कर विकसित दिल्ली के निर्माण का अवसर दिया है जिसके लिए भाजपा दिल्ली में समाज के हर वर्ग के लोगों का आभार प्रकट करती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह चुनाव विजय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता के विश्वास की है, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व की है और सर्वोपरि हमारे कार्यकताओं के परिश्रम की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अरविंद केजरीवाल लगातार कहते थे कि वह ईमानदार हैं और दिल्ली की जनता अपने वोट से उन्हे जेल भेजने का बदला भाजपा से लेगी।

## दिल्ली के दिल में बसते हैं मोदी : नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद शनिवार को भाजपा मुख्यालय में भव्य आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के नतीजे स्पष्ट संदेश देते हैं कि दिल्ली के दिल में मोदी बसते हैं। इस चुनाव और इससे पहले के लोकसभा चुनाव, दोनों ही चुनाव में दिल्ली की जनता ने एक स्पष्ट संदेश दिया है।



**जनता का फैसला** चुनाव में भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव चला और चुनावी वादों में महिलाओं-बच्चों के लिए बड़े एलान किए

## आपदा से जहर तक... इन मुद्दों ने दिल्ली में पलट दी बाजी

**बड़े नेताओं का जेल जाना**
**केजरीवाल** ने लगातार तीन बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई। अपनी सरकार की लोकलुभावन नीतियों की वजह से वे सत्ता में बने रहे। पूरी पार्टी केजरीवाल के इर्दगिर्द ही रही, लेकिन दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मामले में गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद जब वे रिहा हुए तो सितंबर 2024 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। सत्येंद्र जैन पहले ही जेल जा चुके थे। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को




भी लंबे समय तक जमानत नहीं मिल सकी। आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं का जेल जाना और अदालती शर्तों से बंधे रहना चुनाव से पहले बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा।

**टर्निंग पॉइंट**

- आपके बड़े नेताओं का जेल जाना और अदालती शर्तों से बंधे रहना चुनाव से पहले बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा

**मुफ्त की योजनाएं सबसे बड़ी काट थी, लेकिन यह दांव सबने चल दिया**
दिल्ली में 'आप' की लोकप्रियता की बड़ी वजह फ्री बिजली, पानी जैसी योजनाओं को माना जा सकता है। इस चुनाव से पहले भाजपा मुफ्त रेवड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही थी। केजरीवाल इसी बात का फायदा उठाकर पूरे देश में मुफ्त बिजली और इलाज जैसे मुद्दे उठाते रहते थे, लेकिन चुनाव में भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव चला और चुनावी वादों में महिलाओं-बच्चों, युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़े एलान किए। इसके साथ ही कांग्रेस ने भी ऐसे ही वादे किए, जिससे आप की चुनौती बढ़ गई।

## दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगीः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।**
देश की राजधानी में 27 वर्षों बाद भगवा लहराया। दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए भाजपा को मिला जनादेश। 1998 से सत्ता से दूर थी भाजपा। चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- दिल्ली के लोग मुझ पर विश्वास करें। दिल्ली को संवारने के लिए मैं खुद समय दूंगा। दिल्लीवालों ने मोदी पर विश्वास करते हुए यहां डबल इंजन की सरकार बना दी। 70 सीटों में से



48 पर भाजपा जीती। आम आदमी पार्टी 22 पर सिमटी। दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी-राहुल गांधी

कांग्रेस और आप ने हार के बाद अपनी -अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें लोकसभा सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली का जनादेश हम विनम्रता से स्वीकार करते हैं। प्रदेश के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध - दिल्ली की प्रगति और दिल्लीवासियों के अधिकारों की यह लड़ाई जारी रहेगी।

# हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में महकी गोहाना की जलेबी

## मुख्यमंत्री ने किया था जीत के बाद भंडारा लगाने का आह्वान, कैबिनेट मंत्री व गोहाना विधायक ने प्रचार के दौरान उम्मीदवारों को शगुन के तौर पर खिलाई थी जलेबी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा, महाराष्ट्र में जीत के बाद अब गोहाना की जलेबी की मिठास दिल्ली की जनता-जनार्दन को भी इसका स्वाद और महक पसंद आई। भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है, यह सब दिल्ली की जनता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की जीत है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जलवा देखने को मिला। कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली की 11 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया और सभी के सभी प्रत्याशियों ने जीत का प्रचहम लहराया है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने नजफगढ़ से भाजपा प्रत्याशी नीलम कृष्ण पहलवान, रोहतास नगर में भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र महाजन, उत्तम नगर में भाजपा प्रत्याशी पवन शर्मा, आदर्श नगर में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया, वजीरपुर में भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज, मटियाला में भाजपा प्रत्याशी एडवोकेट सन्दीप सहरावत, रोहिणी में भाजपा प्रत्याशी बिजेंद्र गुप्ता, विश्वास नगर में भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश शर्मा व नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा सहित कई अन्य विधानसभा प्रत्याशियों के लिए मैदान में उतरे और दिन रात एक किये रखा। इसका नतीजा यह रहा है कि सभी भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। कैबिनेट मंत्री का कहना है कि प्रचार के दौरान ही दिल्ली की जनता ने साफ कर दिया था कि इस बार भाजपा की ही सरकार बनेगी और उन्होंने इस बारे में सौ फीसदी दावा किया था कि प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी और आज नतीजे सबके सामने है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के दिल्ली की जनता तंग आ चुकी थी और जिस तरह से केजरीवाल ब्यान दे रहे थे, उससे साफ हो गया था कि इस बार आप-दा का सूपड़ा साफ होगा। मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशियों को जलेबी खिलाकर मुंह मीठा करवाया और इसे जीत का शगुन बताया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भाजपा की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को बधाई दी।





**मुंह मीठा करवाया**

**सौ फीसदी दावा किया था कि बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी और आज नतीजे सबके सामने है**

# मुठभेड़ में छीनाझपटी के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** सेक्टर-20 पुलिस ने शुक्रवार रात हुई मुठभेड़ में छीनाझपटी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान दबोच लिया गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों की पहचान सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी निवासी रोशन और बिजनौर के गांव रामपुर निवासी अनवर के रूप में हुई। अनवर वर्तमान में सेक्टर-आठ स्थित जेजे कॉलोनी में रहता है। इनके पास से बिना नंबर प्लेट की बाइक, पांच मोबाइल, दो-दो तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे राह चलते लोगों से मोबाइल फोन और चेन छीनते थे। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी रोशन के खिलाफ सेक्टर-20, फेज-वन और दादरी थाने में 13 केस दर्ज हैं। दूसरे आरोपी अनवर के खिलाफ सेक्टर-20 और फेज-वन थाने में चार मामले दर्ज हैं। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस टीम डीएलएफ तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक से दो लोग आते दिखे। उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बाइक सवार सेक्टर-18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास पहुंचते ही पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश की टांग में लगी और वह मौके पर ही गिर गया जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# करंट से लाइनमैन की मौत, शव सड़क पर रख चार घंटे लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोनी।** बागपत के गांव गढ़ी कलंजरी में बिजली लाइन ठीक करने के दौरान लाइनमैन को करंट लग गया। करंट लगने से घायल हुए लाइनमैन कृष्ण (21) की मौत हो गई। परिजनों ने शुक्रवार दोपहर ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगा लोनी-भोपुरा मार्ग पर चार घंटे तक जाम लगा दिया। पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को समझाकर-बुझाकर जाम खुलवाया। गढ़ी कलंजरी गांव में कृष्ण (21) परिवार के साथ रहते थे। वह धारीपुर गांव लोनी के बिजली घर पर लाइनमैन का काम करते थे। उनके परिजनों ने बताया कि गढी कलंजरी गांव सिरौरा मार्ग पर बृहस्पतिवार सुबह 11 हजार की लाइन का तार टूट गया था। कृष्ण को लाइन का तार ठीक करने के लिए भेजा गया। परिजनों ने बताया कि गढ़ी कलंजरी का बिजली घर धारीपुर सब स्टेशन पड़ता है। कृष्ण ने बिजली घर से शटडाउन लिया और अपने साथी के साथ लाइन को ठीक करने लगे। कृष्ण खंभे पर चढ़कर लाइन को ठीक कर रहे थे। उनका साथी नीचे खड़ा था। अचानक किसी ने बिजली घर से लाइन चालू कर दी। लाइन चालू होते ही 11 हजार की लाइन में भी करंट आ गया। इस दौरान कृष्ण को भी करंट लग गया और वह खंभे के ऊपर ही झुलस गया। नीचे खड़े साथी ने बिजली घर में फोन कर जानकारी दी। कुछ देर बाद कृष्ण झुलस कर नीचे गिर गया। तभी आसपास के लोगों के साथ परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। कृष्ण को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने कृष्ण को मृत घोषित कर दिया।



**लोनी-भोपुरा मार्ग पर जाम लगाया-** घटना के बाद ग्रामीणों और परिवार के लोग बड़ी संख्या में लोनी-भोपुरा मार्ग पहुंचे। उन्होंने टीला गांव के पास सड़क पर शव रखकर दोपहर करीब 12 बजे जाम लगा दिया। हंगामे की सूचना पर लोनी थाना समेत 4 चारों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य और अंकुर विहार एसीपी अजय कुमार भी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतक के परिजनों को नौकरी, आर्थिक मदद समेत अन्य मांगे की। पुलिस के अधिकारी लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे। लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों के मौके पर बुलाने की मांग की।

इसके बाद ऊर्जा निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि अधिकारियों ने आर्थिक मदद, परिवार को नौकरी और पत्नी को पेंशन देने का वादा किया है।

# सॉफ्ट टेनिस वर्ल्ड टूनार्मेंट में रहेगी मुफ्त एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले सॉफ्ट टेनिस वर्ल्ड टूनार्मेंट का लुत्फ मुफ्त में उठा सकेंगे, क्योंकि इसमें प्रवेश निशुल्क होगा। इससे टूनार्मेंट में क्षेत्रीय दर्शकों के अधिक आने की संभावना बढ़ जाएगी। टेनिस कोर्ट में दर्शक दीर्घा की क्षमता दो हजार है। ऐसे में प्रतियोगिता शुरू होने के आधे घंटे पहले तक फर्स्ट कम, फर्स्ट एंट्री की सुविधा लागू की जाएगी। टेनिस कोर्ट में प्राधिकरण की ओर से रंगाई पुताई के साथ बिल्डिंग का काम तेजी से कराया जा रहा है।

# युवकों की दबंगई, 20-25 युवकों ने घर में घुसकर की मारपीट

**गाजियाबाद :** साहिबाबाद टीलामोड़ थानाक्षेत्र के भौपुरा स्थित तुलसी निकेतन में शुक्रवार रात करीब 20-25 युवकों ने जमकर हंगामा किया। एक युवक के घर में घुसकर बुरी तरह मारपीट की और मारने की धमकी देकर भाग निकले। स्थानीय लोगों जब रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनसे भी धक्का-मुक्की कर दी। दबंगई दिखाने वाले युवकों ने एक युवक से मारपीट करके उसका दांत तोड़ दिया।


## उत्तर रेलवे

### सार्वजनिक अधिसूचना

कार्यालय- उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, नई दिल्ली

उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के मुरादाबाद और दिल्ली डिवीजन के देवबंद-रूड़की खंड में विद्युतीकृत नवनिर्मित ट्रैक का लोको परीक्षण **10.02.2025** को आयोजित किया जाएगा। आम जनता को उपरोक्त खंड में रेलवे ट्रैक से दूर रहने के लिए सूचित किया जाता है। ट्रैक पार नहीं करना चाहिए, ट्रैक का अतिक्रमण एक दंडनीय अपराध है और ऐसा करने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों पर रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| उत्तर रेलवे के मुरादाबाद और दिल्ली मंडल के देवबंद रूड़की खंड में विद्युतीकृत नवनिर्मित ट्रैक | 10.02.2025 |

**426/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या :** GEM/2025/B/5913048 **दिनांक :** 06.02.2025

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं गृह रख-रखाव प्रबंधक, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा खुलने की तिथि के **16:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम:** यांत्रिक सफाई, स्वच्छता और रोगाणु नाशक सेवा परिणाम आधारित सार्वजनिक परिवहन स्थानों के लिए, जिसमें राइड-आन स्क्रबर ड्रायर वाक-बिहाइंड स्क्रबर ड्रायर और अन्य मशीनों का उपयोग करके सफाई झाडू लगाना, पोछा लगाना, कचरा उठाना, कचरा संग्रहण और निस्तारण आदि किया जायेगा, जिसमे प्रयागराज मण्डल के रेलवे स्टेशन फतेहपुर (FTP) और मिर्ज़ापुर (MZP) शामिल है।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा सिस्टम:** दो पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत:** ₹ 14,55,14,703.24 | |
| **EMD:** ₹ 8,77,580/- | **ई निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य | **कार्य की अवधि:** 04 वर्ष |
| **जेम वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि:** 06.02.2025 | **निविदा खुलने की तिथि: 27.02.2025** | |

**नोट:-** (1) उपरोक्त ई निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट **www.GeM.gov.in** पर बनी रहेगी, निविदा खुलने की नियत तिथि तक। (2) उपरोक्त निविदाओं के लिए ई बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। (3) संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। (4) सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (5) किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क सेसंपर्क किया जा सकता है। (6) ऑनलाइन ई-निविदा निविदा खुलने की नियत तिथि पर **16:00 बजे** तक जमा की जा सकती है। (7) जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है।

**263/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बंटी गुप्ता, पुत्रः जगदीश, पताः म. नं. 113 एवं 114, खं. नं. 18/10, पोल नं. जी-324, शिव एन्क्लेव, दिल्ली** ने **FIR No. 348/2019, U/s 457/380 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बंटी गुप्ता** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **बंटी गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 348/2019, U/s 457/380 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **बंटी गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री कोमल गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
पश्चिम जिला, कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/1522/OD/2025**



## उत्तर रेलवे

### (ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज़ शौचालय MOT के आधार पर अनुबंध **लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS** पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर **ई-बोली "जैसा है जहां है"** के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट |
|---|---|---|
| PaynUse 04-2025 | दिनांक 24.02.2025 को 12:00 बजे | बादली (BHD)-1 साइट, नई दिल्ली (NDLS)-2 साइट, पानीपत (PNP)-1 साइट, कुल - 4 साइट्स/स्थल। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ | |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:- -ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण - ई-नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। | |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084** | |

**संख्या-7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 07.02.2025** **430/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सुनील,** पुत्र ओम प्रकाश, निवासी- मकान नंबर 332, गांव लाठ, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत 131001 ने **केस रजिस्ट्रेशन नंबर 1110/2020 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनील** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सुनील, केस रजिस्ट्रेशन नंबर 1110/2020 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री हिमांशु सहलोथ एल डी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-03
कोर्ट नं. 213, उत्तर
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/1529/RD/2025**



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रविंदर उर्फ रवि** पुत्र सिल्क राम निवासी गांव निजामपुर, दिल्ली ने case **FIR No. 351/2019 U/s 33/58 D.E. Act, थाना महिंद्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **रविंदर उर्फ रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रविंदर उर्फ रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 351/2019 U/s 33/58 D.E. Act, थाना महिंद्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रविंदर उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 117, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/1453/NW/2025(Court Matter)**



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगर : 11482 वोटों से जीते भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया













**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी आम आदमी पार्टी के मुकेश गोयल को 11482 के भारी अंतर से हरा कमल खिलाते हुए जीत हासिल की। रोटी बैंक के संयोजक व समाज सेवा को समर्पित राजकुमार भाटिया ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा कार्यकर्ताअं की कड़ी मेहनत, क्षेत्र की जनता द्वारा पहले ही दिन से मिले समर्थन व आशीर्वाद के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा कुशल संगठन रचना जिसे दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा द्वारा दिल्ली की जमीन पर उतरना रहा।

**शुरू से ही राजकुमार भाटिया ने बनाई हुई थी लीड**
दिल्ली विधानसभा चुनाव में जैसे ही मतगणना शुरू हुई और रूझान आने शुरू हुए सबकी निगाहें टीवी और इलेक्शन कमिशन के वेबसाईट पर टिक गई। शुरू से ही राजकुमार भाटिया अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पर लीड बनाए हुए थे। राउंड दर राउंड के बाद राजकुमार भाटिया आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल पर लीड बढ़ाते चले गए और अंतिम राउंड आते-आते लीड इतनी बढ़ गई कि उसे पाटना असंभव था। अंतिम राउंड में मुकेश गोयल ने खुद हार मान ली और राजकुमार भाटिया भारी मतों से चुनाव जीत गए

**राजकुमार भाटिया का हुआ जोरदार स्वागत:** जैसे ही राजकुमार भाटिया की जीत का पता कार्यकर्ताओं को चला, पूरा क्षेत्र ढोल-नगाड़ों से गूंज उठा। आतिशबाजी होने लगी, लोग राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई देने लगे और देखते ही देखते जनसैलाब राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई देने और उनका अभिनंदन करने के लिए उमड़ पड़ा। राजकुमार भाटिया का फूल-मालाओं से जहां भव्य स्वागत किया गया और वहीं पटना पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थकों ने राजकुमार भाटिया जिंदाबाद-जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

**जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरूंगा: राजकुमार भाटिया**
इस मौके पर राजकुमार भाटिया ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ये जीत मेरी नहीं बल्कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता की जीता है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन की जीत है। इस चुनाव अभियान में मेरा परिवार, भाजपा के कर्त्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता, देवतुल्य जनता ने जो विश्वास, प्यार मुझ पर जताया है उसका मैं जिंदगी पर ऋणी रहूंगा। इस सफल अभियान के लिए मैं सभी का दिल की गहराईयों से धन्यवाद प्रकट करता हूं।

**आदर्श नगर विधानसभा को आदर्श क्षेत्र बनाकर उतारूंगा: राजकुमार भाटिया**
राजकुमार भाटिया ने कहा कि आदर्श नगर की जनता ने उन पर जो विश्वास कर जिम्मेदारी सौंपी है , यह उन पर उनका ऋण है जिसे आदर्श नगर विधानसभा को आदर्श क्षेत्र बनाकर उतारूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से जो जो वायदे चुनाव प्रचार में किए एक एक वायदे पर कार्य करूँगा। स्वच्छ जल, सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करना, टूटी फूटी सड़कों का निर्माण, सरकारी स्कूलों मेंअच्छी शिक्षा की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, गंदे पानी की निकासी आदि आदि।

## बेटी ने जीत के रूप में 'गुरू दक्षिणा'

**आदर्श** नगर में एक नया इतिहास लिखा जा चुका है। ऐसा इतिहास जो अब स्वर्णीम अक्षरों में लिखा जाएगा। आदर्श नगर में राजकुमार भाटिया की जीत के वैसे तो कई नायक हैं लेकिन उनकी बेटी ने अपने पिता के लिए जो किया। उससे हर पिता का सीना फख्र से चौड़ा हो जाएगा। हम बात कर रहें हैं जैसमिन भाटिया के बारे में। जैसमिन ने चुनाव कैंपेन के दौरान पूरी शिद्दत से मेहनत की। ना दिन देखा ना रात। बताते हैं कि जैसमिन अपने पिता राजकुमार भाटिया को अपना गुरु भी मानती हैं। इस शिष्य ने अपने गुरु को दक्षिणा में दे दी है एक बहुत बड़ी जीत।

आदर्श नगर की इस बड़ी जीत में भाजपा कार्यकर्ताओं का, लाखों समर्थकों का और मतदाताओं का। बहुत बड़ा योगदान है। इतना बड़ा कि इन्हें शब्दों में बयां कर पाना संभव नहीं है।

आदर्श नगर के 32 सालों के इतिहास में ये भाजपा की तीसरी जीत है। साथ ही अबतक की सबसे बड़ी जीत भी। राजकुमार भाटिया ने 11482 वोटों को भारी अंतराल से आदर्श नगर का किला फतह कर लिया है।







# शराब...शीशमहल और 'जहरीली' यमुना, डूबी केजरीवाल की नैया?




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 8 फरवरी को आखिरकार दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए और 27 साल बाद एक बार फिर दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने 2013 में एंटी करप्शन मूवमेंट चलाकर चुनाव जीता। लेकिन वक्त का पहिया ऐसा घूमा कि अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी को करप्शन ही ले डूबा। सड़क पर आंदोलन करने वाले केजरीवाल को शराब घोटाले में जेल की हवा खानी पड़ी। छोटी सी कार, स्वेटर और मफलर वाली इमेज से निकलकर करोड़ों का शीशमहल खड़ा करने तक केजरीवाल की बदलती छवि को बीजेपी ने जनता के सामने रख दिया। आज जब चुनाव परिणाम सामने आ गए तो यह जानना जरूरी है कि आखिर वो बड़ी वजह क्या हैं, जिन्होंने केजरीवाल और उनकी पार्टी से दिल्ली की कुर्सी छीन ली।

**शराब घोटाले और करप्शन ने धूल में मिला दी 'ईमानदार' छवि**
अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शराब पॉलिसी लेकर आए और दिल्ली के युवाओं को साधने की कोशिश की। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विशेष आफर के साथ धड़ल्ले से शराब बिकने लगी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आबकारी नीति पर सवाल उठाए और केंद्रीय एजेंसियों से इसकी जांच की डिमांड कर डाली।
तब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई ने भ्रष्टाचार और ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध दर्ज करलिया। 21 मार्च के दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी से दिल्ली वालों के दिल पर गहरी ठेस पहुंची। क्योंकि जिस केजरीवाल को ईमानदर छवि के रूप में दिल्ली ने पलकों पर बिठाया, वही करप्शन के केस में जेल चले गए। अरविंद केजरीवाल 6 महीने से भी ज्यादा समय तक जेल में रहे। बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल की 'करप्ट' छवि को पूरी ताकत से जनता के सामने रखा। इससे केजरीवाल और 'आप' की साख पर बुरी तरह 'बट्टा' लगा।

**10 साल तक किया राज, एंटी इनकंबेंसी रहा बड़ा फैक्टर**
किसी भी नेता या पार्टी की कितनी भी चमत्कारिक छवि हो, कितना ही सुराज हो। जनता एक समय बाद बदलाव ही चाहती है। 10 साल के शासनकाल में तीन बार लगातार केजरीवाल को दिल्ली की 'कुर्सी' पर बिठाने के बाद अब जनता का मन-मानस भी बदलाव के मूड दिखा।

# आदर्श नगर की देवतुल्य जनता का समर्थन के लिए आभारी हूं: मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल को भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया से करारी शिकस्त मिली है। मुकेश गोयल तकरीबन 11 हजार वोटों से हारे हैं। इस हार के बाद मुकेश गोयल मायूस दिखें। मुकेश गोयल ने इस मौके पर राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई दी। मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बीजेपी पर अपना विश्वास जताया है और मैं बीजेपी और राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई देता हूं और अब बीजेपी दिल्ली से जो वादे किए हैं उसे पूरा करें। मुकेश गोयल ने



आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने पूरे शिद्दत से दिल्ली का चुनाव लड़ा और दिल्ली की जनता के बीच शीर्ष नेता से लेकर आम कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को पहुंचाने की कोशिश की। इस कोशिश में हम कुछ हद तक सफल हो पाएं। मुकेश गोयल ने कहा कि हमारी रणनीतियों में कुछ कमी रह गई, जिस पर आने वाले दिनों में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

मुकेश गोयल ने कहा कि पहले कि तरह फिर से दिल्ली की जनता की सेवा में हम जुट जाएंगे और सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा के साथ दिल्ली की जनता के बीच में जाएंगे।

# अपना किला नहीं बचा पाए सत्येंद्र कुमार जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव की सभी 70 सीटों में से एक शकूर बस्ती विधानसभा सीट पर चुनाव घोषित हो गए। भाजपा उम्मीदवार करनैल सिंह ने आप उम्मीदवार सत्येंद्र जैन को भारी अंतर से हराया। बता दें कि भाजपा उम्मीदवार करनैल सिंह ने कुल 56869 वोट पाकर आप उम्मीदवार सत्येंद्र सिंह जैन को हराया। सत्येंद्र सिंह को कुल 20998 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि दिल्ली



विधानसभा चुनाव 2025 में इस सीट को हॉट सीट माना जा रहा था। इस सीट पर आप ने सत्येंद्र कुमार जैन, भाजपा ने करनैल सिंह और कांग्रेस ने सतीश लूथरा पर दांव लगाया था। वर्तमान में यहां से आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र कुमार जैन विधायक हैं। वह लगातार तीसरी बार यहां से विधायक चुने गए हैं। कांग्रेस यहां से तीन बार, भाजपा और दो बार चुनाव जीत चुकी है। जबकि जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ने एक-एक बार यह सीट जीती है।

# अमानतुल्लाह खान की बंपर जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ओखला सीट पर आम आदमी पार्टी से दो बार विधायक रहे अमानतुल्लाह खान को एक बार फिर से बंपर जीत मिली है। अमानतुल्लाह खान ने बीजेपी के मनीष चौधरी को 23268 वोटों से हरा दिया है।

**इस सीट पर एक बार भी भाजपा का नहीं खुल सका है खाता**
बता दें कि ओखला विधानसभा सीट राजधानी की चर्चित सीटों में से एक है। यहां पर अभी तक हुए आठ चुनावों में से एक बार भी भाजपा का अपना खाता नहीं खुल सका है। कभी यहां भाजपा दूसरे तो कभी तीसरे नंबर पर पिछड़ती




रही है, लेकिन इस बार यहां मुकाबला रोचक हो गया है। यहां पर आप के प्रत्याशी व दो बार से विधायक अमानतुल्लाह खान के सामने कांग्रेस ने अरीबा खान को उतारा। इस सीट से अरीबा खान के पिता आसिफ मुहम्मद खान दो बार विधायक रहे हैं। उनका भी सीट पर खासा प्रभाव रहा है। इसके अलावा भाजपा ने मनीष पर दांव लगाया है। उनकी भी मुस्लिमों में काफी पैठ है। इस वजह से सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है। ओखला विधानसभा सीट पर पहला चुनाव 1993 में हुआ था।

# आप सरकार के कौन से मंत्री बचा ले गए साख और कौन हारे?

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के कई नेता इतिहास रचने और अपने पुराने रिकॉर्ड को मजबूत करने की कोशिश में जुटे थे। इस रेस में आतिशी कैबिनेट के पांच मंत्री भी शामिल थे। इनमें चार मंत्रियों ने जीत का स्वाद चखा है, लेकिन ग्रेटर कैलाश सीट से चौथी बार चुनाव मैदान में उतरे सौरभ भारद्वाज को हार का सामना करना पड़ा है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पहली बार साल 2013 में बनी सरकार में सौरभ भारद्वाज मंत्री बने थे। हालांकि दूसरी सरकार में उन्हें जगह नहीं मिली। सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद केजरीवाल ने उन पर भरोसा जताते हुए फिर से एक बार मंत्री बनाया था। पार्टी का उन पर यकीन कायम रहा। सौरभ भारद्वाज 9 मार्च 2023 से दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष और स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल मंत्री थे।

**हार का मुंह देखा**

**जैन और सिसोदिया के जेल जाने के बाद केजरीवाल ने उन पर भरोसा जताते हुए फिर से एक बार मंत्री बनाया था**

**'आप' में सौरभ भारद्वाज का सियासी सफर**

**2013: आप के सौरभ भारद्वाज को मिली जीत**
दिल्ली की राजनीति के लिए साल 2013 एक अहम कड़ी साबित हुआ। इस चुनाव में मुकाबले में कांग्रेस-भाजपा के अलावा इस बार भ्रष्टाचार आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी भी थी। 2013 के इस चुनाव में ग्रेटर कैलाश सीट पर सौरभ भारद्वाज को जीत मिली। उन्होंने 43097 वोट हासिल किए। उन्होंने भाजपा के अजय कुमार मल्होत्रा को 13092 वोट से हरा दिया था। अजय कुमार को 30005 वोट मिले थे।




**2025 में सौरभ भारद्वाज जीत की हैट्रिक लगाने से चूके**
2025 में भी सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश सीट से चुनाव लड़े। उनके सामने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शिखा रॉय और कांग्रेस से गर्वित सिंघवी थे। भाजपा प्रत्याशी ने शिखा रॉय ने 3188 वोटों के अंतर से सौरभ भारद्वाज को मात दी है। सौरभ भारद्वाज को कुल 46406 वोट मिले हैं।

**कालकाजी विधानसभा सीट**
कालकाजी सीट से आप प्रत्याशी आतिशी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने 3521 वोटों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को हराया है। बता दें कि कालकाजी सीट सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। इस बार आम आदमी पार्टी ने कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी को टिकट दिया था। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक अलका लांबा को उतारा था। इन चेहरों के कारण कालकाजी सीट एक बार फिर हॉट सीट बन गई। वहीं भाजपा ने यहां से रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया। कालका सीट से उम्मीदवार बनाए गए बिधूड़ी अपने बयानों की वजह से विवादों में रहते हैं।

**बल्लीमारान विधानसभा सीट**
दिल्ली सरकार में मौजूदा कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन बल्लीमारान सीट से जीत दर्ज की हैं। उन्होंने 29823 वोटों के अंतर से भाजपा के प्रत्याशी कमल बागड़ी को हराया है। इमरान हुसैन के सरकार के मंत्री होने के चलते यह सीट भी हॉट सीट बनी हुई है। कांग्रेस की तरफ से हारून यूसुफ चुनावी मैदान में है। हारून यूसुफ भी दिल्ली सरकार में पहले मंत्री रह चुके हैं। इसलिए इस सीट के रिजल्ट पर हर किसी की नजर है।

**बाबरपुर विधानसभा सीट**
बाबरपुर विधानसभा सीट से आप के प्रत्याशी गोपाल राय जीत गए हैं।

# मुझे उस आदमी से कोई सहानुभूति नहीं: कुमार विश्वास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित हो गए। जंगपुरा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिसोदिया हार गए। सिसोदिया के हारते ही सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और अन्य लोगों में उथल-पुथल मच गया। इस बीच सिसोदिया के पुराने दोस्त कवि कुमार विश्वास ने अपने दिल की बात कही।

**'मुझे उस आदमी से कोई सहानुभूति नहीं'**
दिल्ली चुनाव के नतीजों पर पूर्व आप नेता और कवि कुमार विश्वास ने कहा, "मैं भाजपा को जीत की बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे दिल्ली की जनता के लिए काम करेंगे। मुझे उस आदमी से कोई सहानुभूति नहीं है जिसने अअढ पार्टी कार्यकताओं के सपनों को कुचल दिया। दिल्ली अब उससे मुक्त हो चुकी है। उसने उन सपनों का इस्तेमाल अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए किया।"

**'रो पड़ी मेरी पत्नी'**
उन्होंने कहा, "आज न्याय हुआ है। जब हमें जंगपुरा से मनीष सिसोदिया के हारने की खबर मिली। मेरी पत्नी जो गैर-राजनीतिक हैं, वह रो पड़ीं। क्योंकि मनीष ने उससे कहा था कि अभी मेरे भीतर दम है। सिसोदिया की हार से लोग सीखेंगे।

# मेवात में रेल मार्ग बनने से लोगों की आवाजाही

**विकास पर बल**

**उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के खुलेंगे रास्ते- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करते हुए केंद्र व हरियाणा राज्य की डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शहीद हसन खान मेवाती से प्रेरणा लेते हुए मेवात में विकास के कार्य कर रही है। मेवात को रेलमार्ग से दिल्ली व अलवर से सीधा जोड़ने के लिए यहां पर रेल परियोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने बजट का भी प्रावधान किया है। मेवात में रेलमार्ग का निर्माण होने से न सिर्फ मेवात के लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि यहां के युवाओं के लिए रोजगार के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत देश के 115 पिछड़े जिलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से नूंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले आकांक्षी जिला अंकित किया है। प्रधानमंत्री स्वयं इस जिले के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि व कौशल विकास से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग भी करेंगे। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास संत कबीर कुटीर में आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों ने मेवात में रेलवे लाइन बिछाए जाने की परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेवात क्षेत्र में 178 एकड़ जमीन पर एलटीएल बैटरी उद्योग लगेगा, जिसमें 7197 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस परियोजना से मेवात क्षेत्र के करीब 7 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह से सरकार ने मेवात क्षेत्र में आईएमटी स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे इस क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ही नतीजा है कि मेवात क्षेत्र में भी निवेशकों का निवेश करने के प्रति रुझान बढ़ रहा है।

## दिल्ली चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता की मुहर: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की जनता का अभिनंदन व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को स्पष्ट जनादेश देकर दिल्ली में कमल खिला कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सामाजिक कल्याण की गारंटियों पर मुहर लगाई है। भाजपा दिल्ली को उसका गौरव और सम्मान वापस दिलाएगी। यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व पर जनता की मुहर साबित है। नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने आप-दा की गलत नीतियों का जवाब देकर भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की मिट्टी को अपमानित करने का काम किया, वो जब हरियाणा के नहीं हुए तो दिल्ली के कैसे होते। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

## दिल्ली में भाजपा की जीत पर शिक्षा मंत्री ढांडा ने दी बधाई

**खुशी**

**देवतुल्य जनता ने आम आदमी पार्टी के झूठे वादों पर विश्वास नहीं किया केजरीवाल को नकार दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत पर सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मतदाताओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा, "दिल्ली की देवतुल्य जनता ने आम आदमी पार्टी के झूठे वादों पर विश्वास नहीं किया और पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को पूरी तरह नकार दिया है। यह जीत जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी की विकासवादी नीतियों की जीत है। दिल्ली के लोगों ने भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और झूठी राजनीति को अस्वीकार कर विकास के पक्ष में वोट दिया है।" उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से "सबका साथ, सबका विकास" की नीति पर कार्य करती रही है, और दिल्ली की जनता ने इस पर भरोसा जताते हुए भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाया। दिल्ली में भाजपा की इस शानदार जीत पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के कार्यालय में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके बड़े भाई, समाजसेवी हरपाल ढांडा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की।

**न्यूज फ्लैश**

### यमुना माँ के श्राप व पीएम मोदी की नीतियों के सामने फेल हुए केजरीवाल- डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने दिल्ली चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी यमुना माँ के श्राप व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के सामने फेल हो गए हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने खुद कहा था कि यदि वो यमुना की सफाई सुनिश्चित न कर पाएं तो दिल्ली की जनता उन्हें वोट न करे। आज दिल्ली की जनता ने अपना वायदा निभा दिया है। डॉ अरविंद शर्मा ने यह बात शनिवार को गोहाना में सिग्मा एजुकेशन एंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते समय कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता-जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर भरोसा और अरविंद केजरीवाल की डर व भ्रम की राजनीति पर अपना जनादेश दिया है। डॉ अरविंद शर्मा ने दिल्ली में 27 साल के बाद भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास को 11 साल तक महज इसलिए रोकने का काम किया, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास का श्रेय न देना पड़े। चुनाव को साम-दाम, दंड-भेद की नीति पर लड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और हरियाणा के भाईचारे को खराब करने व यमुना माँ को कलंकित करने की कोशिश की। उनकी चालाकियों को दिल्ली की जनता ने समझा और करारा जवाब दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने महसूस किया कि अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करोड़ों परिवारों को दिए जा रहे लाभ उनतक नहीं पहुंचने दिए, इससे स्पष्ट हो गया था कि उन्हें दिल्ली के विकास और आमजन की भलाई से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली के विकास की रफ्तार बढ़ेगी और आम आदमी को केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की नीतियों का भरपूर लाभ मिलेगा।

### अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार वहां के विकास को देगी नई दिशा: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विकास के विजन की जीत बताया है। गंगवा आज बरवाला (हिसार) में आमजन की समस्याएं सुनने के लिए पहुंचे थे। इस बीच बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा रणबीर गंगवा की मौजूदगी में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जिस प्रकार से ट्रांसपेरेंसी के साथ बिना किसी भेदभाव के तमाम राज्यों में बीजेपी की सरकारें काम कर रही है। उसी का परिणाम है कि दिल्ली की जनता ने भी बीजेपी को चुना है। हरियाणा की तरह अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार वहां के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने बीजेपी सरकार बनने को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जाने वाले यमुना के पानी को लेकर वहां की तत्कालीन सरकार के मुखिया और नेताओं द्वारा हरियाणा पर आरोप लगाए गए थे। उसका जवाब खुद दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को दे दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने लगातार 10 साल तक काम करते हुए हरियाणा को विकास के मामले में एक नई दिशा देने का काम किया है। वैसे ही परिणाम अब दिल्ली में भी देखने को मिलेंगे। केंद्रीय नेतृत्व और दिल्ली की नेताओं की मेहनत ने दिल्ली में बीजेपी को सत्ता सौंपने का काम किया है।

गंगवा ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता को गुमराह करने के मकसद से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कई तरह के प्रोपेगेंडे चलाए थे, लेकिन वहां की जनता इस बार अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के झूठे सपनों में नहीं उलझी। दिल्ली की जनता ने इस बार बीजेपी पर विश्वास जताया है। आने वाले दिनों में इसके परिणाम यह निकलेंगे कि दिल्ली विकास के मामले में न सिर्फ रफ्तार पकड़ेगी बल्कि वहां की जनता ने जिस विश्वास के साथ बीजेपी को चुना है, उस पर भी दिल्ली का स्थानीय नेतृत्व खरा उतरेगा।

## दिल्ली के नागरिकों को अब मिलेगा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल : नायब सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को अब पर्याप्त स्वच्छ पेयजल मिलेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। भाजपा सरकार दिल्ली में गरीबों का उत्थान करने के साथ-साथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। इससे पहले दिल्ली के लोग पिछले कई सालों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को दिल्ली में भाजपा की जीत पर गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता उपदेशों के साक्षी वट वृक्ष की मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर परिक्रमा की। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब

## 100 साल पुरानी बैलगाड़ी बनी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

**हेरिटेज**

**2025 में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा पवेलियन अपणा घर की स्थापना की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाले 38 वें सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 2025 में विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा पवेलियन अपणा घर की स्थापना की गई है। अपणा घर की प्रदर्शनी में जहां एक ओर लोक पारंपरिक विषय-वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है वहीं पर दूसरी ओर हरियाणवी लोक जीवन में प्रयोग की जाने वाली सैंकड़ों वर्ष पुरानी विषय-वस्तुएं पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बन रही हैं। यह जानकारी विरासत दि हेरिटेज विलेज के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणवी लोकजीवन के परिवहन के साधनों में बैलड़ी एक ऐसा माध्यम रहा है, जिसके बिना हरियाणवीं जन-जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। बैलगाड़ी का चलन ईसा से लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व माना जाता है। हरियाणवी लोकजीवन में बैलड़ी वास्तव में आम आदमी की खास सवारी के रूप में जानी जाती रही है। ग्रामीण जीवन में बैलगाड़ी का प्रयोग जहां एक ओर सवारी के रूप में किया जाता रहा है, वहीं पर दूसरी ओर परिवहन के साधन के रूप में सामान लाने व ले जाने के लिए भी इसका प्रयोग होता रहा है। इसके अतिरिक्त मेलों आदि में भी पहले के लोग बैलगाड़ियों के माध्यम से ही मेला देखने जाया करते थे। यही कारण है कि बैलड़ी का ब्यौरा हरियाणवीं लोक कथाओं, लोकगीतों, रागनियों आदि सहित अनेक विधाओं देखने को मिलते हैं। हरियाणा पैवेलियन विरासत अपणा घर के संयोजक डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा की सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणवी संस्कृति के विविध स्वरूप जिसमें चौपाल, खेती-बाड़ी के प्राचीन औजार, तीन सौ साल पुराने ताले, तेल रखने के लिए प्रयोग किए जाने वाला कूपा पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि विरासत दि हेरिटेज विलेज का हमेशा से यही प्रयास रहता है कि उसके द्वारा आने वाली युवा पीढ़ी को अपनी पुरानी लोक संस्कृति के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सके, जिससे कि वे अपने पूर्वजों के समृद्ध इतिहास व परंपरा पर गर्व महसूस कर सकें।

## खेजड़ी के महत्व को किसानों से रूबरू करवाना होगा : राज्यपाल दत्तात्रेय



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि खेजड़ी के पेड़ की महत्वत्ता से किसानों को जागरूक करना होगा। इसके लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ-साथ यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट को भी अहम भूमिका निभानी होगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचे और यहां हुई बैठक में उन्होंने खेजड़ी यानी जांटी पेड़ के बारे में कई पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में नलवा विधायक रणधीर पनिहार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो बीआर काम्बोज, गुरु जम्भेश्वर साइंस एवं टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के वीसी नरसी राम बिश्नोई, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों के अलावा यूनिवर्सिटी के अलग अलग डिपार्टमेंट के डीन भी मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि खेजड़ी यानि जांटी महत्वशाली है। इसके गुणों के बारे में हर किसी को पता होना चाहिए।

## अविवाहित पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु पर पिता को मुआवजा लेने का हक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब और हरियाणा** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी अविवाहित पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उसके पिता को मुआवजे के हक से वंचित करना अनुचित होगा। अदालत ने माना कि माता-पिता अपने बेटे की असमय मृत्यु से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। कोई भी मुआवजा उनके नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता लेकिन यह कहना कि पिता को मुआवजा नहीं मिलेगा क्योंकि वह मृतक की आय पर निर्भर नहीं था उचित नहीं माना जा सकता।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में आठ हरियाणवी उम्मीदवारों में से तीन जीते

**जीत हासिल की**

**इनमें से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा और अरविंद केजरीवाल हिसार के रहने वाले हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने वाले हरियाणा के आठ नेताओं में से तीन नेताओं ने जीत हासिल की है। इनमें से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा और अरविंद केजरीवाल हिसार के रहने वाले हैं। भाजपा के दोनों उम्मीदवारों मनजिंदर सिंह सिरसा और पवन शर्मा ने जीत दर्ज की। कांग्रेस उम्मीदवार अर्जुन भड़ाना अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए।

सबसे ज्यादा आम आदमी पार्टी के 5 उम्मीदवार हरियाणा की पृष्ठभूमि से थे, लेकिन एक ही नेता चुनाव जीत पाया। हिसार के रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी चुनाव हार गए। झज्जर के रहने वाले वीरेंद्र सिंह दिल्ली छावनी विधानसभा सीट से चुनाव जीते हैं। सिरसा के रहने वाले मनजिंदर सिंह सिरसा ने भाजपा के टिकट पर राजौरी गार्डन सीट से जीत दर्ज की है। उन्हें 64,132 वोट मिले। यहां आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार धनवति चंदेला दूसरे स्थान पर रहीं। उन्हें 45,942 वोट मिले। इसी तरह, जींद के नरवाना के रहने वाले पवन शर्मा ने भाजपा के टिकट पर उत्तम नगर विधानसभा सीट से जीत दर्ज की। उन्हें 1,03,613 वोट मिले। यहां आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार पॉश बालियान दूसरे स्थान पर रहीं। पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल हिसार के सिवानी गांव के रहने वाले हैं। वह ग्रेजुएशन तक हिसार में पढ़े हैं। केजरीवाल के मामा भी हिसार ही रहते हैं। केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ा। यहां भाजपा उम्मीदवार प्रवेश साहिब शर्मा ने उन्हें हरा दिया। प्रवेश को 30,088 वोट मिले, जबकि केजरीवाल को 25,999 वोट मिले। झज्जर के दूबलधन गांव के रहने वाले वीरेंद्र सिंह कादियान ने जीत दर्ज की है। उन्होंने आप के टिकट पर दिल्ली छावनी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और 22,191 वोट मिले। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार भुवन तंवर 20,162 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कैथल के रहने वाले महेंद्र गोयल को आप ने रिठाला विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। वह 74,755 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यहां भाजपा के कुलवंत राणा ने जीत हासिल की। इसी तरह झज्जर के छारा गांव की रहने वाली राखी बिरला को आप ने मादीपुर सीट से टिकट दिया था, लेकिन वह भी हार गईं।

## छोटी चौपाल पर रागिनियों का बड़ा धमाल




**मंच**

**छात्राओं के समूह नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी बांधा समा, लूटी वाहवाही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: सूरजकुंड (फरीदाबाद) में आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के दूसरे दिन शनिवार को** अलग-अलग चौपालों पर देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने राज्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया। साथ ही अपने राज्यों की संस्कृति व विरासत से भी बखूबी परिचय करवाया। इन्हीं चौपालों में से छोटी चौपाल पर हरियाणवी रागिनियों के साथ-साथ सामूहिक नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को शाम तक रोके रखा। सूरजकुंड मेला में छोटी चौपाल पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा पर्यटन विभाग हरियाणा द्वारा तैयार किए गए सांस्कृतिक मंच पर दूसरे दिन का आगाज पलवल जिला के लोक कलाकार राजकुमार तेवतिया और उनकी टीम की रागिनियों से हुआ। सौ-सौ पड़े मुसीबत बेटा उमर जवान मैं... भगत सिंह कदे जी घबरा ज्या तेरा बंद मकान में... ने पंडाल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। उनकी हरियाणवी बोली में प्रस्तुत की गई यह रागिनी शहीद ऐ आजम भगत सिंह की वीरगाथा पर आधारित रही। इसके बाद उन्होंने जब ...पहले आली बात रही न, पहला आला पाणी... रागिनी शुरू कर पंडाल में दर्शकों की तादाद को और बढ़ा दिया। इस रागिनी के हर शब्द को दर्शकों ने खूब बारीकी से सुना तथा पहले और आधुनिक समय में हो रहे बदलाव की कहानी को महसूस किया।

## पीएम मोदी ने जीता दिल्ली के दिलवालों का दिल: ओपी धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने दिल्ली में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत मिलने पर दिल्ली की जनता जनार्दन का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के दिलवालों ने खुलकर मोदी जी का साथ दिया है। धनखड़ ने कहा कि उन्होंने बवाना, नजफगढ़ और रोहिणी में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया था, उसी दौरान अनुभव हुआ था कि दिल्ली की जनता ने मोदी जिनके साथ चलने का मन बना लिया है और आम आदमी पार्टी को चलता करने का निर्णय ले लिया था। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि आप "दा" को दिल्ली से विदा कर दिया है और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस का दिल्ली में लगातार तीसरी बार खाता भी ना खुलना बड़ी बात है । धनखड़ ने कहा कि एक परिवार को आगे बढ़ाने के चक्कर में कांग्रेस का ऐसा पतन होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। कांग्रेस का ग्राफ ' दूसरे राज्यों में भी गिरेगा।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली के प्रभारी रहे एवं राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि दिल्ली चुनाव में पार्टी संगठन ने बेहतर तरीके से काम किया । इस एतिहासिक विजयके लिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। धनखड़ ने कहा कि रोहिणी से बिजेंद्र गुप्ता,नजफगढ़ से नीलम पहलवान और बवाना से रवींद्र इंद्रराज की उम्मीद के मुताबिक बड़े अंतर से जीत हुई है।

## पर्यटकों पर अपनी कला की छाप छोड़ रहे हैं ओडिशा के शिल्पकार



**आकर्षण**

**थीम स्टेट ओडिशा द्वारा 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में लगाई गई हैं चार दर्जन स्टालें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सूरजकुंड में आयोजित हो रहे 38 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट के रूप में आमंत्रित ओडिशा राज्य के शिल्पकार यहां आने वाले पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। ओडिशा हैंडलूम, टेक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट के तहत शिल्प मेले में लगाई गई चार दर्जन स्टालों पर शिल्प मेला के दूसरे दिन शनिवार को पर्यटकों की खासी चहल कदमी रही। वहीं दूसरी तरफ स्टॉल लगाने वाले उड़ीसा के शिल्पकारों ने उनको अपने हुनर का अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शन करने का अवसर देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और विरासत एवं पर्यटन विभाग का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि सात फरवरी से शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों के अलावा 42 देशों के 648 प्रतिभागी बने हैं। अलग अलग राज्यों से आए शिल्पकारों द्वारा अपनी अपनी स्टॉल लगाकर अपनी शिल्प का प्रदर्शन किया जा रहा है। हरियाणा सरकार के आमंत्रण पर अबकी बार ओडिशा व मध्यप्रदेश थीम राज्य बने हैं।

थीम स्टेट के रूप में शामिल हुए ओडिशा सरकार के हैंडलूम, टैक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट विभाग के तहत शिल्प मेले में करीब तीन दर्जन से अधिक स्टॉल लगाई गई हैं। इन स्टॉलों में मुख्य रूप से साड़ी, सूट, हाथ से कपड़े पर बनी पेंटिंग, पीतल व कांस्य के बर्तन व आभूषण, जूट का सामान, बैड सीट, शॉल आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले के दूसरे दिन सभी स्टॉलों पर पर्यटकों की खासी भीड़ देखने को मिली और ओडिशा के शिल्पकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की खरीदारी व जानकारी लेने का उत्साह नजर आया। ओडिशा सरकार द्वारा इस मेले में अपनी यादगार और दमदार प्रतिभागिता दर्शाने के लिए पूरा प्रयास किया गया है। पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए भव्य पैवेलियन बनाया गया है और इसमें भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा स्थापित की गई है। ओडिशा के स्टॉलों पर आने वाले पर्यटकों को भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने का एक अच्छा अवसर मिल रहा है।

**मेला परिसर में सुगंध बिखेर रही ओडिशा की अगरबत्तियां**

थीम स्टेट ओडिशा द्वारा लगाई गई 40 से अधिक शिल्पकारों की स्टॉलों में विजयलक्ष्मी की अगरबत्ती की स्टॉल भी शामिल है, जो न केवल अपने आस-पास बल्कि पूरे मेला परिसर में अपनी सुगंध बिखेर रही है।

# दिल्ली में झूठ के शासन का हुआ अंत, यह अहंकार और अराजकता की हार है: प्रो. रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। दिल्ली चुनाव** के नतीजों पर हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एंव पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है। यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह 'मोदी की गारंटी और मोदी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है।

शर्मा ने प्रेस के नाम जारी बयान में कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर एक राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है। वहीं महेंद्रगढ के आजाद



चौक पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भाई राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर मिठाई बांटकर एंव पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा की भविष्यवाणी एक बार फिर सच साबित हुई। पहले भी कई बार कर चुके हैं भविष्यवाणी अधिकतम भविष्यवाणी होती है सच साबित। रामबिलास शर्मा को राजनीति का है 50 वर्ष का अनुभव हरियाणा भाजपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा की भविष्यवाणी एक बार फिर से साबित हुई है। दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रोफेसर शर्मा ने दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने और भाजपा के 47 सीटों से अधिक जीतने की भविष्यवाणी की थी। शनिवार को दिल्ली चुनाव का परिणाम आ चुका है और परिणाम के अनुसार भाजपा लगभग 48 सीटे जीत चुकी हैं। वर्तमान आंकड़ों से पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा की भविष्यवाणी सच साबित हो रही है।

रामबिलास शर्मा हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनको हरियाणा भाजपा का वट वृक्ष कहा जाता है और 50 साल की राजनीति का अनुभव है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। हनी खेल** अकादमी में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में लड्डू बाटकर खुशी मनाई। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे पार्टी के लिए नए युग की शुरूआत कहा। सभी ने संकल्प लिया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। मास्टर सत्यनारायण ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि जनता की



सेवा के लिए काम करती है। दिल्ली में भाजपा सरकार लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से अपील की कि वे इसी जोश और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएं और समाज सेवा में जुटे रहें। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने कहा कि दिल्ली और दिल्ली की जनता के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस गए हैं। यह इन चुनावों के नतीजों ने भी साबित कर दिया है। दिल्ली की जनता ने आप के झूठ को नकारते हुए भाजपा के सच को स्वीकार किया है।

# विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल रोनक व मिस फेयरवेल शिक्षा को चुना गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल का बुके देकर स्वागत किया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को टाइटल देकर सम्मानित किया। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गई। इसमें मिस्टर फेयरवेल रोनक व मिस फेयरवेल शिक्षा को चुना गया और मिस्टर पर्सनेलिटी सक्षम व मिस पर्सनेलिटी वंशिका को बनाया गया।

# भाजपा की जीत का कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भाजपा की जीत का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत त्यागी ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया और लड्डू बाटकर खुशी मनाएं । पुनीत त्यागी ने भाजपा की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में पहले से ही तय था कि आपदा जाएगी और भाजपा पूर्ण बहुमत से आएगी। दिल्ली की जनता को पता है कि दिल्ली का विकास तभी हो सकता था जब भाजपा की सरकार दिल्ली में बनेगी और चुनाव परिणामों ने भी तय कर दिया है कि जनता ने पहले ही मूड बना रखा था । पुनीत त्यागी ने कहा कि



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनाव परिणाम से पहले ही हार के डर से वे उलटे-सीधे बयानबाजी कर रहे थे । आप दिल्ली चुनाव में बुरी तरह हारी है यहां तक कि उनके बड़े नेता भी चुनाव हार गए हैं। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि दिल्ली की जनता का अपार स्नेह भाजपा को इस बार मिला है और दिल्ली में कमल खिला है। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी की। जनकल्याणकारी नीतियों से गदगद है और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार को प्रचंड बहुमंत से सत्ता मे लाई है। इस बार दिल्ली को आपदा से मुक्ति मिल गई है। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने अपने बेटे आर्यन त्यागी व पुत्रवधू मनीषा त्यागी एवं गांव के बड़ेबुजुर्गों के हाथों से पूरे वार्ड नंबर 8 में घर घर मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष तीरथ राणा , सतपाल त्यागी, राजेश त्यागी, राम प्रकाश कौशिक, सुंदर जठेड़ी, अमरीश त्यागी, विकास डबास, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी ,नरेश पांचाल, सतीश वाल्मीकि, नरेश कौशिक, अशोक कौशिक ,मोहित दहिया ,राजेश आंतिल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### देवकुल शिक्षा सदन का वार्षिक उत्सव समारोह आज

**गन्नौर । ललहेड़ी रोड स्थित** देवकुल शिक्षा सदन का वार्षिक उत्सव आज रविवार 9 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा । वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि बीईओ आजाद सिंह दहिया, सुशील त्यागी (प्रेसिडेंट हुसा गनौर) होगें। यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक नीरज त्यागी ने दी ।

### आज शहर में दो घंटे रहेगा बिजली कट

**गन्नौर। 33 केवी** पावर हाउस गन्नौर में मेंटेनेंस के कार्य के चलते रविवार को शहर व दो गांवो में दो घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। शहरी एसडीओ सचिन दहिया ने बताया कि गन्नौर पावर में मेंटेनेंस के कार्य के चलते रविवार को सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक गन्नौर मंडी, गढ़ी केसरी, गन्नौर गांव, जीटी रोड के अलावा पांची गुजरान व गढ़ी कला गांव में की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की।

### कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक को दी बधाई



**गन्नौर । दिल्ली चुनाव** में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक के आवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी। देवेंद्र कौशिक ने जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि 12 साल के कार्यकाल में अरविंद केजरीवाल सरकार में दिल्ली को पीछे धकेल दिया। वहीं हरियाणा में भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार तीसरे कार्यकाल में हो रहे विकास को देखते हुए दिल्ली की जनता ने भाजपा को प्रचंद बहुमत दिलाया। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा की तर्ज पर दिल्ली में विकास होगा।

### शादी के स्टेज से गहनों का बैग चोरी, 8 लाख थी कीमत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कैथल रोड पर** राजघराना होटल में शादी समारोह के दौरान गहनों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में 9.5 तोले सोने और आधा किलो चांदी के गहने थे। चोरी का नुकसान 8 लाख से ज्यादा बताया जा रहा है। यह चोरी उस समय हुई, जब स्टेज पर शादी समारोह चल रहा था और दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे। परिवार के अनुसार एक 15-16 साल का लडका और 22-23 साल का उसका साथी स्टेज के पास घूम रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मौका देखते ही बैग गायब कर दिया। चोरी की यह हरकत होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैथल के सजुमा गांव निवासी पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि कल मेरी बेटी की शादी और रात करीब 10 बजे स्टेज पर लडकी व लडके वालों का मिलनी का प्रोग्राम चल रहा था। उसी दौरान स्टोज के ऊपर सोने चांदी के आभूषणों से भरा बैग 15 से 16 साल का लडका उठाकर ले गया। बैग में करीब 9.5 तोला सोना और आधा किलो चांदी के गहने रखे थे। शादी की रस्मों के दौरान परिवार वाले बिजी थे, इसी बीच चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरी का पता चलते ही परिवार में हडकंप मच गया, लेकिन तब तक चोर होटल से फरार हो चुके थे। पीड़ित ने बताया कि शादियों के दौरान चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पहले भी कई मामलों में देखा गया है कि शादी समारोह में शामिल होने के बहाने चोर होटल और पंडाल में घुस जाते हैं और मौका देखकर गहने, पैसे या अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक करनाल को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत को आधार बनाते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। करनाल सदर थाना में जांच अधिकारी श्रीभगवान ने बताया कि चोरी की यह वारदात होटल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# कृष्णा के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । दिल्ली में** भाजपा की प्रचंड जीत पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यालय में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है, जिससे अब दिल्ली के विकास को नये आयाम मिलेंगे।

विधायक कृष्णाब गहलावत के कैंप कार्यालय में उनके निर्देशन में कार्यकर्ता एकजुट हुए। विधायक स्वयं दिल्ली थी, जहां से उन्होंने कार्यकर्ताओंको संदेश प्रेषित करते हुए जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और दिल्ली की जनता के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस गए हैं। यह इन चुनावों के



नतीजों ने भी साबित कर दिया है। दिल्ली की जनता ने आप के झूठ को नकारते हुए भाजपा के सच को स्वीकार किया है। दिल्ली की जनता विकास चाहती है, जिसने आप को लगातार मौका दिया किंतु जनता को सिर्फ झूठे वायदे ही मिले। अब प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशन में दिल्ली के विकास को नई बुलंदियों पर पहुंचायेंगे। विधायक कृष्णाव गहलावत के प्रेस सचिव योगेश पाराशर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नाचते-गाते हुए भाजपा की जीत की खुशी मनाई। प्रेस सचिव ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनावों में विधायक कृष्णाक गहलावत के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जी-तोड़ मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा की जीत का तोहफा मिला है।

कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनावों में घर-घर जाकर और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भाजपा के लिए प्रचार-प्रसार किया, जिसकी बागडोर स्वयं विधायक गहलावत संभाले हुए थी। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इनमें प्रमुख रूप से अमित नाहरा, उमेश सरपंच नाहरा, भगत सिंह नाहरा, पं. बलबीर, एडवोकेट रजनीश मलिक, कृष्ण पंवार, ओमप्रकाश नाहरा, भगत सिंह दहिया, अशोक मेहंदीपुर, सुनील उर्फ शीलू मेहंदीपुर, तीर्थ गढ़ी बख्तावरपुर, रामफूल मेहंदीपुर, अमरजीत मेहंदीपुर, संजय मुरथल, मनोज नाहरा, दीपक मुकीमपुर, सुरजीत छतेहरा, कृष्णे छतेहरा,बहालगढ़ सरपंच राजेश, सुरजीत वाल्मीकि, महेश पूर्व सरपंच नाहरी आदि शामिल रहे।

# आईपीएससी घुड़सवारी प्रतियोगिता में विभिन्न पदक जीतकर लहराया परचम



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । इंडियन पब्लिक** स्कूल कांफ्रेंस द्वारा आयोजित आईपीएससी घुड़सवारी प्रतियोगिता मे खेल स्कूल राई के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदक जीते हैं । प्रधानाचार्य व निदेशक मौशमी घोषाल ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर से 7 टीमों के लगभग 260 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वंश ने 2 गोल्ड, 1 सिल्वर व 2 कास्य पदक अपने नाम किये, वहीँ हनुश्री ने कास्य पदक, सक्षम ने 2 , नकुल ने 1 सिल्वर,कास्य पदक किट्टू , मानवी ने, तेजल ने 1 सिल्वर व 2 गोल्ड मयंक, मरुधवी और विश्वास ने ब्रोंज, नीति ने ब्रोंज व सोनाली ने सिल्वर मैडल अपने नाम किया।

# केमिकल फैक्ट्री में लगी आग से मची अफरा-तफरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सैक्टर-3 में** स्थित केमिकल फैक्ट्री में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ऊंची-ऊंची लपटें और काले धुएं का गुब्बार दूर-दूर तक देखा गया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की अब तक 24 से ज्यादा गाडि?ां मौके पर पहुंच चुकी हैं। पानीपत से भी दमकल विभाग की गाडिया मंगवाई जा रही है और आग बुझाने का काम तेजी से चल रहा है। आसपास के इलाकों को खाली करवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सुबह करीब 11.15 बजे आग लगी, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के कुछ ही देर बाद फैक्ट्री में रखे केमिकल के ड्रम फटने लगे, जिससे तेज धमाकों की आवाज दूर तक सुनाई दी। धमाकों के कारण आसपास के मकानों और दुकानों में भी कंपन महसूस हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगते ही फैक्ट्री से धुआं निकलने लगा और कुछ ही मिनटों में लपटें आसमान छूने लगीं। मजदूर और कर्मचारी जान बचाने के लिए भागते नजर आए। मौके पर मौजूद विनोद, राकेश और प्रवीन ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि किसी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला।

# बी आर ग्लोबल स्कूल के शिक्षकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । खेड़ी रोड** स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में कला एकीकरण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक रोचक, व्यावहारिक और रचनात्मक बनाना है, जिससे छात्रों का समग्र विकास हो सके ।कार्यशाला का मुख्य प्रतिनिधित्व संगीता महेश्वरी तथा धीरज बरेजा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत कला को गणित, विज्ञान, इतिहास और भाषा जैसे विभिन्न विषयों से जोड़ा जाएगा। छात्रों को पेंटिंग, नाटक, संगीत और नृत्य जैसी कलाओं के माध्यम से कठिन विषयों को




सीखने का अवसर मिलेगा। यह दृष्टिकोण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो शिक्षा में रचनात्मकता और व्यावहारिकता को प्रोत्साहित करता है। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल प्रधानाचार्य यशपाल व अन्य शिक्षकगण ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आर्ट इंटीग्रेशन केवल एक शिक्षण तकनीक नहीं है, बल्कि यह बच्चों की कल्पनाशीलता, विश्लेषणात्मक सोच और आत्म-प्रकाशन के कौशल को विकसित करने का एक प्रभावी तरीका है। इस पहल के तहत विशेष कार्यशालाएं, कला प्रदर्शन और प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग को भी बढ़ावा दिया जाए व शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपनी कक्षाओं में कला-आधारित शिक्षण तकनीकों को प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

**ट्रेनिंग**

**शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल प्रधानाचार्य यशपाल व अन्य शिक्षकगण ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी मनाई

**गन्नौर। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता** पार्टी की प्रचंड जीत पर गन्नौर के सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों ने भाजपा युवा नेता योगेश कौशिक के नेतृत्व में लड्डू बाटकर खुशी को । भाजपा युवा नेता योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के झूठे वादों पर विश्वास नहीं किया और पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की दुर्गति करने वाली आम आदमी पार्टी और अरविंद



केजरीवाल को पूरी तरह नकार दिया है। यह जीत जनता का भाजपा पर अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी जी की विकासवादी नीतियों की जीत है। दिल्ली के लोगों ने भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और झूठी राजनीति को अस्वीकार कर विकास के पक्ष में वोट दिया है। कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से "सबका साथ, सबका विकास" की नीति पर कार्य करती रही है, और दिल्ली की जनता ने इस पर भरोसा जताते हुए भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाया।

# यमुना माँ के श्राप व पीएम मोदी की नीतियों के सामने फेल हुए केजरीवाल

**गोहाना। सहकारिता,** कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने दिल्ली चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी यमुना माँ के श्राप व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के सामने फेल हो गए हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने खुद कहा था कि यदि वो यमुना की सफाई सुनिश्चित न कर पाएं तो दिल्ली की जनता उन्हें वोट न करे। आज दिल्ली की जनता ने अपना वायदा निभा दिया है। शनिवार को गोहाना में छोटूराम चौक पर सिग्मा एजुकेशन एंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट कार्यालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली



विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता-जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर भरोसा और अरविंद केजरीवाल की डर व भ्रम की राजनीति पर अपना जनादेश दिया है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने दिल्ली में 27 साल के बाद भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी व दिनरात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में काम कर रहे कार्यकताओं को शुभकानाएं दी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास को 11 साल तक महज इसलिए रोकने का काम किया, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास का श्रेय न देना पड़े। चुनाव को साम-दाम, दंड-भेद की नीति पर लड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और हरियाणा के भाईचारे को खराब करने व यमुना माँ को कलंकित करने की कोशिश की।

उनकी चालाकियों को दिल्ली की जनता ने समझा और करारा जवाब दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने महसूस किया कि अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करोड़ों परिवारों को दिए जा रहे लाभ उनतक नहीं पहुंचने दिए, इससे स्पष्ट हो गया था कि उन्हें दिल्ली के विकास और आमजन की भलाई से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली के विकास की रफ्तार बढ़ेगी और आम आदमी को केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की नीतियों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**ढोल-नगाड़ों के बीच बंटी जलेबियां:-**

दिल्ली में भाजपा की बम्पर जीत पर गोहाना पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया व उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जलेबियां बांटी व कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इस बार दिल्ली ने गोहाना की जलेबियों का स्वाद चखा, जो उनको भा गई और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## संपादकीय

# ज्ञान के महाकुम्भ में अज्ञान की डुबकी

**मुझे 144 साल** बाद प्रयागराज में सजे महाकुम्भ में शामिल न होने का अफसोस तो है लेकिन मै संतुष्ट हूं कि मैने दिल्ली में लगने वाले ज्ञान महाकुंभ में अज्ञान मुक्त होने की डुबकी लगा ली. दिल्ली में पिछले 51 वर्षों से ये ज्ञान महाकुम्भ आयोजित किया जा रहा है. इसका नाम हालांकि नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला है और ये प्रकाशन जगत में एक प्रमुख कैलेंडर कार्यक्रम है।

वर्ष 2025 का ये ज्ञानकुंभ 1 से 9 फरवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में नवनिर्मित हॉल 2-6 (भूतल) में आयोजित किया गया.। मेले का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) द्वारा किया जाता है। इसमें कोई शाही दिन नहीं होता. कोई अखाडा नहीं होता. कोई पीठाधीश्वर, शंकराचार्य या महामंडलेश्वर नहीं होता. वीआईपी कल्चर से भी ज्ञानकुंभ मुक्त है. यहाँ हर घाट पर जाकर आम आदमी अपनी ज्ञान पिपासा शांत कर सकता है. ज्ञान कुंभ यानि विश्व पुस्तक मेले में लेखक, पाठक और प्रकाशक एक घाट पर पानी पीते हैं. लेकिन दुर्भाग्य कि यहाँ ने वाले श्रद्धालुओं के ऊपर हैलीकाप्टर से पुष्पवृष्टि नहीं की जाती. यह मेला भी हालांकि डॉ मोहन भागवत के संघ परिवार की गिरफ्त में है फिर भी यहाँ भी कोई विधर्मी वर्जित नहीं है. यहाँ आपको हर पंथी मिलेगा ज्ञान त्रिवेणी में डुबकियां लगाते. दक्षिण पंथी, वामपंथी, समाजवादी, अर्बन नक्सली, सब यहाँ आते- जाते हैं.

इस कुंभ में मीलों पैदल नहीं चलना पडता. यहाँ के घाट मनोहर और पंक रहित होते हैं. यहाँ भंडारे नहीं होते लेकिन आप पैसा देकर खान-पान की हर सुविधा हासिल कर सकते हैं. यहाँ नामालूम से लेकर स्थापित, ख्यातिनाम प्रकाशक, लेखक और पाठक एक दूसरे से मिलते दिखाई देते है. यहाँ आप पाठक से लेखक और लेखक से प्रकाशक तक बन सकते है. यहाँ आपको मुफ्त में कुछ नहीं मिलता. हाँ, 5 ? से लेकर हजारों रुपये तक की पुस्तकें यहाँ उपलब्ध हैं. यहाँ लेखक खुद सेल्समैन की भूमिका में होता है. किताबों का फटाफट विमोचन भी होता है. बच्चों के साहित्य और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने वाली कई गतिविधियाँ जैसे कि कहानी सुनाने के सत्र, कार्यशालाएँ, पैनल चचाएँ, संवादात्मक सत्र, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताएँ, आदि के साथ-साथ बाल लेखक कॉर्नर का आयोजन आकर्षक ढंग से डिजाइन किए गए बच्चों के मंडप में किया जाता है। प्रसिद्ध लेखकों और चित्रकारों के साथ-साथ शिक्षा और प्रकाशन क्षेत्र के पेशेवरों द्वारा संचालित इन गतिविधियों में विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों/गैर-सरकारी संगठनों के शिक्षकों और बच्चों के साथ-साथ समुदाय से जुड़े लोगों की भारी भागीदारी देखी जाती है राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद द्वारा डिजाइन किया गया एक समर्पित थीम मंडप, पुस्तक मेले की थीम को रचनात्मक, ग्राफिक्स, प्रतिष्ठानों, पुस्तकों, दीवारों, कलाकृतियों आदि के साथ प्रदर्शित करता है। थीम मंडप में मेले के दिनों में थीम के इर्द-गिर्द कई साहित्यिक सत्र और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।ज्ञानकुंभ में विचारों को साझा करने और साहित्यिक समझ को बढ़ाने के लिए एक आकर्षक मंच है। विदेशी प्रदर्शकों/मिशनों/दूतावासों/सांस्कृतिक केंद्रों/पुस्तक प्रचार एजेंसियों को पुस्तक लॉन्च, पैनल चर्चा, साहित्यिक कार्यक्रम और बच्चों के साथ-साथ वयस्कों के लिए कार्यशालाओं के आयोजन के लिए इवेंट कॉर्नर पर स्लॉट बुक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?

–प्रियंका सौरभ

> "बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ.वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं"

**बेटी ब**चाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है। 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य लिंग-भेदभाव को रोकना, बालिकाओं को जीवित रखना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना था। भले ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने लिंग भेदभाव के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता पैदा की है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण यह अपने मुख्य लक्ष्य से भटकता नजर आता है जबकि यह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भारत में युवा लड़कियों को अपने जीवन भर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है और बेटे को प्राथमिकता देने और प्रतिगामी सत्ता संरचनाओं जैसे पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप आर्थिक अवसरों को खोना पड़ता है जो उनके अस्तित्व और शिक्षा में बाधा डालते हैं।बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ. वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। हरियाणा में एक कहावत है, "बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?" हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से "बेटियों की कमी" से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं। 1994 के गभार्धान



पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दशार्ता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आम तौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं।

पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासकरने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं। बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि "बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।" दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ. वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज से आगे बढ़ना चाहिए।

लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। "लड़कियों को बचाने" के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में "महिलाओं को सशक्त बनाने" पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।

उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढे। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें।

लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें। बेटियों के मूल्य की कहानी को बदलने वाले अभियानों को अपना ध्यान "बालिकाओं की सुरक्षा" से बदलकर "बालिकाओं को सशक्त बनाने" पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। परिवार की सफलता के लिए बेटियों को संपत्ति के रूप में उत्थानकारी संदेशों को प्रोत्साहित करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है।

## कविता

**शब्दों का नहीं जज्बातों का सैलाब**
**हूं.**
**कविता नही भावनाओं की किताब हूँ।**

**राहों की नहीं मंजिल की फिक्र है अब**
**तूफानों से भिड़ने जज्बातों की बेताब हूं।**

**हजारों जुगनू देखें रात आसमान पर,**
**रातों में दिखने वाला आफताब हूं'**

**दुनिया की भीड़ में खो ना जाना तुम,**
**एक झलक पाने को कितना बेताब हूं।**

**तुम्हारे लिए कितनी गजलें लिखी,**
**तुमने जो न पढ़ी मैं वही किताब हूं।**

**तुम्हें न जाने कितने कितने खत लिखे,**
**तुमने नही दिया वही पुराना जवाब हूं।**

**मेरेअल्फाजों को पसंद भले ना करो।**
**तुम्हारा दिया हुआ पुराना खिताब हूं।**

संजीव
---------

# अशिक्षा की जड़ों के नेपथ्य में अंध विस्वास की परतें

**संजीव**

**आश्चर्य** की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90% शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है' शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है' उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है' शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है।

## विचार

# भाजपा की आंधी में केजरीवाल की पराजय

**(डॉ. सुदीप शुक्ल)**

**देश की** नजरें जब दिल्ली चुनावों की मतगणना और परिणाम के रुझानों पर टिकी थीं तब प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई है, वह पैसे और शराब के चक्कर में फंस गए। यह प्रतिक्रिया इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अन्ना आंदोलन से ही आम आदमी पार्टी की जमीन तैयार हुई थी और यह जमीन आठ फरवरी को आए चुनाव परिणामों के साथ दरक गई है। 11 साल बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बुरी तरह से बाहर हो गई है। आम आदमी पार्टी के एकछत्र नेता, संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं चुनाव हार गए हैं। केजरीवाल की इस हार के साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना को छोड़कर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया सहित अधिकांश मंत्री तक अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। इस बात का अंदेशा तब भी लग रहा था जब जनवरी महीने में तेज चुनाव प्रचार के बीच दिल्ली यात्रा के दौरान मैंने वहां लोगों से बात की थी। आप के वास्तविक वोटर आम लोग ही आप और केजरीवाल के विरुद्ध मुखर थे। यह जनता के उस सपने के टूटने की अभिव्यक्ति थी जिसमें उन्होंने ईमानदारी और शुचिता की राजनीति की अपेक्षा की थी। 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली विजय कर चुकी है। भाजपा की आंधी में वह आप बुरी तरह से पराजित हुई है जिसने पिछले एक दशक से अपनी अजेय छवि गढ़ी थी। पिछले पांच साल में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की छवि टूटी है। आम आदमी पार्टी की इस पराजय में ही इसके अर्थ छिपे हुए हैं। 11 साल पहले आम आदमी पार्टी का सत्तासीन होना जनता का उस विकल्प को परखना था जिसने राजनीतिक शुचिता, ईमानदारी, शुद्ध आचरण, सत्य और आम आदमी के प्रभावी होने की उम्मीद का सपना दिखाया था। आप जनता का यह सपना पूरा नहीं कर पायी उल्टे खुद भी भ्रष्टाचार, शराब जैसे घोटालों, राजनीतिक गिरावट और राष्ट्रीय हितों के मुद्दों की अनदेखी की प्रवृत्ति में शामिल हो गई। ऐसे मे जनता के उस विकल्प की उम्मीद टूटती गई जिसकी उसने आदर्श कल्पना की थी। ईमानदारी, साधारण आदमी, मफलर, सादे कपड़े, छोटा फ्लैट, नीली वैगन आर जैसे प्रतीकों से केजरीवाल और आप की ओर दिल्ली की जनता आकर्षित हुई थी। केजरीवाल और आप उस दावे के प्रतीक थे जो राजनीति में बदलाव को लेकर किया गया था। केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में आम आदमी को प्रभावी रखेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद ये प्रतीक, दावे और वादे पीछे छूटते चले गए। दिल्ली की जनता को जब तक यह समझ आया काफी देर हो चुकी थी। जनता ने तब अपने को ठगा अनुभव किया जब केजरीवाल ने अपने लिए आलीशान 'शीशमहल पर 40 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। ईमानदारी के प्रतीक के रूप में सामने आए केजरीवाल और उनके साथियों का शराब घोटाले में जेल जाना और फिर भी कुर्सी नहीं छोड़ना लोगों के लिए तगड़ा झटका था। अन्ना आंदोलन के समर्थकों के लिए यह सब धक्के और धोखे जैसा ही था। जनता ने अपने दरकते सपनों की पीड़ा को ईवीएम का बटन दबाते समय याद रखा और परिणाम सबके सामने हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने पंजाब, गोवा और गुजरात के चुनावों में जमकर पैसा खर्च किया।

उनकी पार्टी का नाम ही आम आदमी पार्टी रह गया और वह कब खास होती चली गई किसी को पता भी नहीं चला। पार्टी के भीतर भी कम गड़बड़ नहीं थी। पार्टी की ही महिला सांसद को मुख्यमंत्री निवास में पीटा जाना और उस पर मुख्यमंत्री का मौन रहना महिलाओं के आप से मोहभंग के लिए बड़ा कारण था। एक बड़ी गलती केजरीवाल यह भी कर बैठे कि उन्होंने अपनी रेवड़ी स्कीमों के आगे इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास की मूल अवधारणा पर ही ध्यान नहीं दिया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिल्ली में बीजेपी की जीत से 27 साल का बनवास

**वीरेंद्र कुमार जाटव**

**भाजपा ने** 27 साल के वनवास से निजात पाकर दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है. यह बीजेपी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भाजपा ने इस बार रिकार्ड मतों से जीतने वाली आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है. दिल्ली के मतदाताओं की भी तारीफ करनी होगी जिन्होंने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम किया है. अब दिल्ली वालों को डबल इंजन की सरकार मिलेगी. दिल्ली वालों को उम्मीद करते हैं कि उप राज्यपाल और दिल्ली में कोई टकराव नहीं होगा और केंद्र सरकार से भी भरपूर सहयोग मिलेगा. अब बीजेपी के लिए चुनौती होगी कि दिल्ली में सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाए, जल निकासी को ठीक किया जाए, दिल्ली के सड़कों को ठीक किया जाए, कानून व्यवस्था को ठीक किया जाए. बीजेपी सरकार को सोचना होगा कि कूड़ा निस्तारण प्रबंधन और कूड़े के पहाड़ों को कैसे खत्म किया जाए. दिल्ली में सभी सड़कों के फुटपाथों पर पर अतिक्रमण है. कुल मिला कर देखा जाए तो आम आदमी पार्टी के लिए यह बड़ा झटका है. आम आदमी पार्टी ने पिछले तीन बार से दिल्ली की विधानसभा पर कब्जा किया था.लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी की हार के कारण में दिल्ली में शराब नीति जिसके कारण महिलाओं में बहुत बड़ा रोष था. दूसरा जो पूर्व मुख्यमंत्री का निवास "शीश महल " का दर्जा दिया गया था. तीसरा दिल्ली की यमुना नदी का स्वच्छ ना कर पाना और दिल्ली की गलियों से कूड़ा निस्तारण एवं कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने मे विफल होना बड़े कारण है. बीजेपी की प्रचंड बहुमत मिलने के पीछे भी दिल्ली की बदहाली के साथ-साथ दिल्ली के दलित एवं कुछ हद तक मुस्लिम वर्ग ने भी बीजेपी का समर्थन देता दिखाई दिया. विशेष कर दलित समाज ने बीजेपी को वोट दिया है जिसके कारण बीजेपी को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर मिला है. दिल्ली का अनुसूचित वर्ग विशेष कर वाल्मीकि समाज को इस बात का हमेशा दुख रहता था की सफाई कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया है उनका समय पर वेतन नहीं दिया गया है।

# दर्दभरे सपनों का बाजार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**एक छोटे** से शहर में, जहां लोग अपने-अपने सपनों के साथ जीते थे, एक अनोखा बाजार लगता था–दर्दभरे सपनों का बाजार। इस बाजार में सपने तो बिकते थे, लेकिन हर सपने के साथ एक अदृश्य दर्द जुड़ा होता था। लोगों का मानना था कि सपने खरीदने से उनके दुख कम होंगे, लेकिन सच तो यह था कि सपनों ने उनकी ज़िंदगी को और भी कठिन बना दिया था। राजू, एक साधारण युवक, इस बाजार का नियमित ग्राहक था। उसके पास सपने थे–बड़े-बड़े सपने। एक अच्छा घर, एक महंगी कार, और एक खूबसूरत पत्नी। राजू ने सोचा, बस एक बार इन सपनों को खरीद लूं, फिर सब कुछ ठीक हो जाएगा।ह्व लेकिन हर बार जब वह बाजार जाता, तो कुछ नया दर्द उसके साथ जुड़ जाता। एक दिन, राजू ने अपने बचत के पैसे इकट्ठा करके एक सपने की दुकान पर पहुंचा। दुकान के मालिक, मिस्टर चंदू, ने मुस्कुराते हुए कहा, स्वागत है, राजू भैया! क्या खरीदना है? राजू ने कहा, मुझे एक बड़ा सपना चाहिए–एक अच्छा घर। चंदू ने हंसते हुए कहा, अरे, घर तो बहुत बड़ा है, लेकिन उसके साथ आने वाला कर्जा भी बहुत बड़ा होगा। क्या तुम उस दर्द के लिए तैयार हो? राजू ने झिझकते हुए कहा, ह्लमैं कर्ज चुकाने के लिए तैयार हूं। बस मुझे घर चाहिए। चंदू ने एक छोटी सी चाबी दी और कहा, यह लो, तुम्हारा सपना पूरा हुआ।ह्व राजू ने खुशी-खुशी चाबी ली, लेकिन उसे नहीं पता था कि इस चाबी के पीछे एक लंबा कर्ज और अनंत चिंता छिपी हुई थी। कुछ महीनों बाद, राजू को अपने नए घर के लिए ईएमआई चुकानी शुरू करनी पड़ी। वह हर महीने बैंक के चक्कर काटता, और उसकी पत्नी, जो अब उसकी जिंदगी का एक बड़ा दर्द बन चुकी थी, हर दिन नए खर्चों के बारे में शिकायत करती। क्या तुमने मेरे लिए कुछ नहीं किया?ह्व उसकी पत्नी का वाक्य राजू के कानों में गूंजता रहा। इसी दौरान, राजू ने सोचा कि एक महंगी कार खरीदने से उसकी पत्नी खुश हो जाएगी। उसने फिर से चंदू की दुकान पर पहुंचकर कहा, मुझे एक महंगी कार चाहिए। चंदू ने कहा, अरे भाई, कार खरीदने के लिए तुम्हें पेट्रोल और सर्विसिंग का भी ध्यान रखना पड़ेगा। क्या तुम दर्द सहने के लिए तैयार है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली में आज अंधेरा छटा, सूरज निकला और कमल खिला है : प्रमोद कुमार विज

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**दिल्ली विधानसभा** में भाजपा की विजय का उत्सव पानीपत शहरी विधानसभा में भी जमकर मना, विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में भी कार्यकताओं ने जश्न मनाया। विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली है, विज ने दिल्ली विजय की प्रदेशवासियों एवं भाजपा परिवार के सभी साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप-दा से मुक्ति के बाद विकसित भारत की विकसित दिल्ली के अपने संकल्प को हम सिद्धि तक पहुंचाने के प्रण को जरूर निभाएंगे। दिल्ली में आज अंधेरा छटा, सूरज निकला है और कमल खिला है।

### पंडित बनकर घर में घुसे ठग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के बुढपुर** आबाद गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने भिक्षु पंडित बनकर घर में घुसने के बाद नशीला पदार्थ सुंघाकर 2.5 तोले सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। चेन की कीमत 2 लाख से ज्यादा आंकी गई है। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को पकड? के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने आते ही भिक्षा मांगी। भिक्षा देने के बाद आरोपियों ने चाय मांगी तो पीड़ित ने चाय दे दी। इसके बाद आरोपियों ने पानी का गिलास मंगवाया और घर के अंदर उनके और उनकी माता के ऊपर छिडक दिया। पानी में कुछ नशीला पदार्थ मिला होने के कारण दोनों बेहोश हो गए। जब होश आया तो पीड़ित की मांग के गले से सोने की चेन गायब थी। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार ने बताया है कि घटना 7 फरवरी की दोपहर की है। जब आरोपियों ने पानी छिडका तो सभी बेहोश हो गए। बेहोशी की हालत में दोनों को कुछ भी पता नहीं चला और इसी दौरान ठगों ने शिकायतकर्ता की माता के गले से 2.5 तोला सोने की चेन चोरी कर ली, जिसमें गणेशजी का लॉकेट भी था। कुछ देर बाद जब होश आया तो उन्हें पता चला कि उनकी माता के गले से चेन गायब है। पीड़ित के अनुसार आरोपी प्लेटिना बाइक पर आए थे और वारदात के बाद फरार हो गए। सुरेंद्र कुमार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### सडक हादसे में बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में एक दर्दनाक** सडक हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनन के रूप में हुई है। वह अमृतधारा अस्पताल में अपने बीमार दोस्त का हालचाल पूछकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी सेक्टर-6 बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मनन को पुलिस की मदद से तुरंत कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गयाए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज दोपहर पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार मनन रात करीब 1०20 बजे अपने दोस्त का हालचाल जानने के बाद सेक्टर-13 से घर लौट रहा था। घर पहुंचने से पहले सेक्टर-6 बाईपास पर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक काफी तेज गति से आ रहा था और अचानक सामने आ गया। मनन संभल पाता, इससे पहले ही ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची और घायल मनन को अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीर हालत में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया था।

# कट्टर बेईमान केजरीवाल को जनता ने सिखाया सबक: मोहन लाल बड़ौली

## दिल्ली ने झूठ और भ्रष्टाचार की दूकान को लगाया ताला : मोहन लाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। दिल्ली में** 27 साल बाद हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी जाहिर करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने अपने कार्यकताओं संग जलेबी खाकर इस जीत का जश्न मनाया है। दिल्ली में भाजपा की इस भव्य जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि दिल्ली में आपदा का अंत हुआ है और 27 साल भाजपा की दिल्ली में सरकार बनी है, इसके लिए उन्होंने दिल्ली और हरियाणा की जनता का आभार जताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की भ्रष्ट और झूठ की राजनीति को करारा जवाब दिया है और भाजपा पर



विश्वास जताया है। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दिल्ली की जनता ने स्वीकार किया और केजरीवाल की झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति की दूकान पर ताला लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों को जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर साफ कर दिया है कि जनता अब झूठ और भ्रष्टाचार को नहीं, बल्कि विकास की राजनीति को तवज्जो देती है। कार्यकर्ताओं संग खुशी मनाते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसे दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा की भी जीत बताया और कहा कि केजरीवाल ने यमुना माई का अपमान किया और हरियाणा वालों पर अनर्गल आरोप लगाकर गंदी राजनीति की, जिसका मुंहतोड़ जवाब अब दिल्ली की जनता ने दिया है। साथ ही, मोहनलाल बडौली ने कहा कि जिस दिन दिल्ली चुनाव की तारीखों का एलान हुआ था उसी दिन उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि दिल्ली में इस बार कमल खिलेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में भी मतदान 5 तारीख को हुए और नतीजे 8 तारीख को घोषित हुए थे और दिल्ली चुनाव के लिए भी ये ही तारीखें थी इसलिए उन्हें पहले से विश्वास था कि इस बार दिल्ली में आप दा जाएगी और भाजपा आएगी।

### मनोहर लाल नीलोखेड़ी ब्लॉक के गांव शेरपुर वीरान में पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। केंद्रीय ऊर्जा,** आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल शनिवार को करनाल प्रवास के दौरान नीलोखेड़ी ब्लॉक के गांव शेरपुर विरान में पहुंचे और ग्रामीणों का हाल-चाल जाना तथा गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा जनता की समस्याओं को सुना। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर लकवा से ग्रस्त बलदेव सिंह की दिव्यांग पैंशन तथा प्रेम सिंह का बीपीएल कार्ड. जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में तालाब की सफाई को लेकर भी बीडीपीओ को आवश्यक निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर ग्रामीण की मांग पर गांव शेरपुर विरान के स्कूली बच्चे, जो आसपास के स्कूलों में उच्च शिक्षा के लिए पढ? जाते हैं, उन विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सामूहिक वाहन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षा के नए सत्र से अप्रैल माह में यह सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी। इतना ही नहीं अगर गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ जाएगी तो गांव के स्कूल को पांचवीं से अपग्रेड करवाया जाएगा।

### दिल्ली में भाजपा की भारी जीत की खुशी में जगह-जगह बांटे लड्डु

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**जिला पार्षद सुंदर** छोककर चुलकाना संजू पुजारी गौरव प्रदीप वकील भोड़वाल माजरी, अनिल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भाजपा की भारी जीत की खुशी में चुलकाना मे लड्डु खिलाकर जीत की खुशी मनाई अब ये देश हिंदू राष्ट्र की ओर आगे बढ़ रहा है आज पूरा देश भगवे के रंग में रंगा जा रहा है समालखा नगर पालिका चैयरमैन अशोक कुच्छल ने समालखा के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया जिन्होंने दिल्ली जाकर दिल्ली चुनाव में मेहनत की ओर मेहनत रंग लाई।

## 'बीमा क्षेत्र में करियर अवसर' विषय पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) आई. बी. (पी. जी.)**
**कॉलेज,** पानीपत के प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस प्रकोष्ठ द्वारा "बीमा क्षेत्र में करियर अवसर" विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेधा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को बीमा उद्योग के बढ़ते अवसरों और संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य वक्ता सुरेंद्र शर्मा को पौधा भेंट करके किया गया। कार्यक्रम में अतिथिरूप में शर्मिला उपस्थित रहीं। शर्मा रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में क्षेत्र प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं ।



उन्होंने छात्रों को बीमा उद्योग के विभिन्न पहलुओं, आवश्यक कौशल, जॉब रोल्स, संभावित करियर ग्रोथ और नवीनतम रुझानों की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि बेरोजगारी आधुनिक समय की ज्वलन्त समस्या है, जिसके निवारण हेतु व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु इस प्रकार के करियर मार्गदर्शन सत्र बहुत महत्वपूर्ण हैं। बीमा उद्योग में संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, बल्कि सही जानकारी और दिशा-निर्देश की आवश्यकता है । संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा हमारा प्रयास है कि छात्रों को उद्योग जगत के विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने का अवसर मिले, जिससे वे अपने करियर को लेकर सही निर्णय ले सकें । मुख्य वक्ता सुरेंद्र शर्मा ने बड़े सरल व सुरुचिपूर्ण ढंग से अपने जीवन के अनुभवों को बताते हुए अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया, उन्होंने कहा कि बीमा उद्योग में अपार संभावनाएं हैं। सही योग्यता और कौशल के साथ युवा इस क्षेत्र में बेहतरीन करियर बना सकते हैं। यह कार्यक्रम कॉलेज के भूतल स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपस्थित छात्रों ने बीमा उद्योग से जुड़े अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञ से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### पुलिस की टीमों द्वारा दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जि**ला पुलिस करनाल की अपराध शाखा-1 व एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमों द्वारा प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाते हुए प्रतिबंधित नशीले पदार्थो सहित दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपीयों को गिरफतार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 487 ग्राम अफीम व 4.450 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। पहले मामले में उप निरीक्षक जयपाल कुमार अपराध शाखा-वन टीम की अध्यक्षता में कार्य करते हुए आरोपी प्रीत पुत्र राज सिंह निवासी गांव बरेटा जिला मानसा पंजाब को विश्वनिय सूचना के आधार पर गांव बल्ला के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 487 ग्राम अफीम बरामद की गई। प्रारभिंक पूछताछ में अन्य विश्वनिय साक्ष्य के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी उपरोक्त अफीम को सस्ते दाम पर बिहार से एक जगह से एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था, ताकि ओरापी अफीम को महंगे दाम पर बेचकर मुनाफा कमा सके। आरोपी को आज अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी व जिस व्यक्ति से आरोपी अफीम खरीद कर लाया था, उस व्यक्ति की गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे।

## लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी शहर का हैं बुरा हाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**
**खरखौदा शहर के** मुख्य सड़कों पर इन दिनों गंदगी का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, नगरपालिका की तरफ से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि शहर को साफ व स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सीधे तौर पर नगरपालिका की है। बात अगर गंदगी उठान की करें तो सीधे तौर पर इस तरफ लापरवाही बरती जा रही है। यही कारण है कि दिन पर हवा चलने पर गंदगी सड़कों पर इधर से उधर फैलती रहती है। आपको बताते



चले कि खरखौदा शहर में मुख्य सड़कों की सफाई के लिए नगरपालिका की तरफ से अलग से ठेका दिया गया है। जिसके तहत शहर की मुख्य सड़कों की सफाई करने के साथ ही गंदगी का उठान करना भी शामिल हैं। लेकिन नगरपालिका की तरफ से इस काम को गंभीरता से नहीं किए जाने के चलते शहर गंदगी का ढेर बनता जा रहा है। जिससे सीधे तौर पर शहर वासी और शहर में आवाजाही करने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जहां पर गंदगी पड़ी है वहां से उठान नहीं होने की सूरत में लगातार गंदगी का ढेर बढ़ता ही जा रहा है, जो न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहा बल्कि लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन रहा है। लेकिन इसके लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है और खामियाजा शहर वासी भुगत रहे हैं, जबकि ध्यान देने वाली बात यह है कि सफाई के इस काम पर नगरपालिका हर माह लाखों रुपये खर्च रही है।

## नए प्रावधान लागू बागवानी खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार** दहिया ने बताया कि उद्यान विभाग ने राज्य में किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नए प्रावधान लागू किए हैं। इन प्रावधानों के तहत किसानों को फल, सब्जियों, मसालों और खुशबूदार पौधों की खेती के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और परंपरागत खेती के साथ-साथ बागवानी को भी बढ़ावा देना है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. शरदुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसान अब अपने खेतों में फलों के नए बाग लगा सकते हैं और मसालों की खेती कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सब्जियों की खेती को एकीकृत मॉडल के साथ प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने में मदद मिलेगी। वहीं, फूलों की खेती और सुगंधित पौधों की खेती को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जिससे किसान अपनी खेती के माध्यम से बेहतर मुनाफा कमा सकें। बागवानी खेती को अपनाने वाले किसानों को सरकार की ओर से अनुदान सहायता भी प्रदान की जाएगी। फलों और मसालों की खेती के लिए 10 एकड़ तक की भूमि को अनुदान सहायता के दायरे में रखा गया है। सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को सामान्य वर्ग में 5 एकड़ तक और अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 1 एकड़ तक की सहायता दी जाएगी। वहीं, फूलों की खेती के लिए 5 एकड़ और खुशबूदार पौधों की खेती के लिए 10 एकड़ तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## बच्चों को आत्मविश्वास के साथ लेना चाहिए सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सेंट पीटर कान्वेंट** स्कूल की तरफ से सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने उम्दा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इस वार्षिक उत्सव में साल भर में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल कूद गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मोहन नगर में शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति की तरफ से सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव में मुख्य अतिथि सरपंच प्रदीप सैनी, कसेरला



के सरपंच राजबीर सैनी, सिरसला के सरपंच बलजिन्द्र सिंह, कनीपला के सरपंच सुखदेव, खेडी के सरपंच कृष्ण कुमार ने दीप शिखा प्रज्जवलित करके विधिवत रूप से वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन विपिन शर्मा, रंजना शर्मा और सतपाल शर्मा के साथ-साथ लिटिल कैम्पस इन्टरनैशनल स्कूल के एमडी पंकज अरोड़ा ने परम्परा अनुसार मेहमानों का स्वागत किया। स्कूल के वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के माध्यम से सभी मेहमानों का स्कूल की परंपरा के अनुसार स्वागत किया और नूर गीत की प्रस्तुति से मेहमानों का गुणगान किया। इसके उपरांत स्कूल की शिक्षक खुशी ने मॉडलिंग, शिक्षक हनी ने नृत्य की प्रस्तुति देकर सबकों मंत्र मुग्ध कर दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में नूर नाटक, नूर भक्ति गीत, बुद्धु सा मैन, चक्क धूम-धूम युनिटी आफ कलचर, मेरा जूता है जापानी, प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों के नाटक, मराठी, पंजाबी लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और दर्शकों को अपनी प्रस्तुतियों के मोहपाश में बांध लिया। सरपंच प्रदीप सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों को आत्म विश्वास और जोश के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देनी चाहिए, जो विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेगा उस विद्यार्थी का निश्चित ही सर्वांगिक विकास होगा। स्कूल के चेयरमैन विपिन शर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए स्कूल की तमाम उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा और कहा कि स्कूल प्रबंधक कमेटी की तरफ से विद्यार्थियों के सर्वांगिक विकास के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है। इसके उपरांत स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल की तरफ से सतपाल शर्मा व रंजना शर्मा ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लिटिल कैम्पस इन्टरनैशनल स्कूल के एमडी पंकज अरोड़ा, गुरु गोबिंदनाथ स्कूल के एमडी विजय मेहता, रूकमन कान्वेंट स्कूल से गौरव नांरग सहित अन्य गणमान्य लोग और शिक्षक मौजूद थे।

## नशे के खिलाफ जंग में शामिल होने व जिला को नशा मुक्त बनाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी -**
**पुलिस आयुक्त सोनीपत** नाजनीन भसीन आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन में सोनीपत पुलिस लगातार आमजन को नशा बारे जागरूक कर रही है। जिसके लिए पुलिस की सभी थाना एवं चौकियों की टीमें इस कार्य में दिन झरात लगी हुई है। इस अभियान में पुलिस की टीमें हर गली, चौक झचोराहों, स्कूल कॉलेजों व झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक कर रही है। इसी अभियान को और आगे ले जाने की कड़ी में सहायक पुलिस आयुक्त शहर राहुल देव ने आज शिवा शिक्षा सदन स्कूल सोनीपत



में छात्र, छात्राओं व स्टाफ को नशे के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम ने लोगों को नशे के खिलाफ इस जंग में शामिल होने का आह्वान किया। आमजन को जागरूक करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त ने मौजूद लोगों से कहा कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है । शराब ,गुटखा, सिगरेट, बीड़ी , खैनी आदि का चलन बढ़ रहा है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य नशे हेरोईन, अफीम , पोस्त आदी जानलेवा

**जागरूक किया**

**नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते हैं। क्राइम का सहारा लेते हैं**

नशे लेना शुरू कर देता है। बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों लाखों घर बर्बाद हो चुके है।

नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते हैं। बाद में नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं जिसमें नौजवान चोरी, स्नैचिंग, लूट तथा अवैध हथियार के साथ वारदातों को अंजाम देते हैं । जिसके कारण उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्बाद हो जाती है। हमें नशे से शुरूआत में ही लड़ना चाहिए जिससे कि हम अपनी स्वास्थ्य व धन के साथ अपने परिवार की खुशियों को बचा सके। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने व खेलों की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अगर उनके आस-पास कोई नशा करता या बेचता हुआ पाया जाता है तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। आपका एक प्रयास कई घरों में अंधेरा होने से बचा सकता है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## दिल्ली के डॉक्टरों ने करनाल में की स्वास्थ्य चर्चा, अपोलो का प्रिविलेज कार्ड किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर के लोगों** को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया है। इस कार्ड के जरिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्राथमिकता सेवाएं और विशेष लाभ प्रदान किया जाएगा। भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के सहयोग से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा करनाल में स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन किया गया।

नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डियोथोरेसिक व हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने कहा कि हृदय रोग एक बढ़ती चिंता है। देश के लगभग सभी हिस्सों में इसका दायरा बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को लोग जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करना चाहिए। इसके जरिए हम लोगों को निवारक हृदय देखभाल जीवनशैली में संशोधन और शीघ्र निदान के बारे में शिक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमें अपने हृदय रोगों की रोकथाम, जीवनशैली में बदलाव और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं डॉ. गौरव त्यागी ने पीठ दर्द पर चर्चा करते हुए जेएपी.एक्स प्रक्रिया के बारे में भी बताया, जिसे हाल ही में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में शुरू किया है। यह तकनीक, जो ब्रेन ट्यूमर के लिए एक गैर.आक्रामक रेडियो सर्जरी है, एक सुरक्षित उपचार विकल्प प्रदान करती है। इस बीच इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के लिवर प्रत्यारोपण और एचपीबी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीरव गोयल ने कहा कि इस पहल के जरिए हमारा लक्ष्य लिविंग डोनर व लिवर प्रत्यारोपण जैसी जीवन रक्षक चिकित्सा प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना है।

## न्यूज फ्लैश

### 12 फरवरी को खनौरी व 13 फरवरी को शंभू में किसान करेगें महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को एक साल पूरा होने वाला है। इसे देखते हुए किसानों ने 11 से 13 फरवरी तक तीन महापंचायतें करने का फैसला किया है। महापंचायतों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुटाने के लिए किसान गांव-गांव जाकर लोगों को एकजुट कर रहे हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन 75वें दिन में प्रवेश कर गया है। हरियाणा के गांवों से किसान पानी लेकर मोर्चे पर पहुंचेंगे। अभी जगजीत सिंह डल्लेवाल किसानों द्वारा लाए गए पानी का ही सेवन कर रहे हैं। वहीं, दोनों मोर्चों पर बड़ी संख्या में किसान राशन और ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ पहुंचने लगे हैं। 14 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के साथ किसानों की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में किसानों ने मोर्चों पर लगातार कार्यक्रम आयोजित करने की रणनीति बनाई है। ताकि बड़ी संख्या में लोग मोर्चों पर पहुंचे। 6 से 8 फरवरी तक हरियाणा के किसान अपने खेतों से पानी लेकर खनौरी बॉर्डर पर पहुंचेंगे। जबकि 9 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से कृषि मंडी नीति के मसौदे के खिलाफ देशभर के सांसदों को मांग पत्र देने का कार्यक्रम रखा गया है। हालांकि इस कार्यक्रम में संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़ी यूनियनें (गैर राजनीतिक) हिस्सा लेंगी। इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। 11 फरवरी को फिरोजपुर में दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में किसानों पर दर्ज केस के खिलाफ प्रदर्शन है। वहां किसान एसएसपी दफ्तर का घेराव करेंगे। इसी दिन रतनपुरा मोर्चा पर पहली महापंचायत होगी। 12 फरवरी को खनौरी और 13 फरवरी को शंभू में कार्यक्रम तय किए गए हैं। वहीं, 14 तारीख को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ किसानों की बैठक होगी। जगजीत सिंह डल्लेवाल कल 2.19 सेकेंड का एक वीडियो जारी कर लोगों को महापंचायत में शामिल होने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि हाथ जोड़कर आपसे विनती है कि पूरे देश से किसान महापंचायत में आएं । आपके यहां पहुंचने से हमें ऊर्जा ,शक्ति व ताकत मिलती है। भले ही हमारा शरीर बैठक में जाने के लिए तैयार नहीं है।

### नागा पीर बाबा के दर्शन के लिए आज खुलेगा एयरफोर्स का गेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला छावनी के एयरफोर्स स्टेशन स्थित नागा पीर बाबा की दरगाह पर आज मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। अंबाला छावनी के धूलकोट में झूले लगाए गए है। तथा धूलकोट गुरूद्वारा साहिब में कल सुबह अखंड पाठ रखा गया था जिसका भोग कल रविवार को डाला जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों मे मेले को लेकर भारी उत्साह है। मेले की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही है। जानकारी देते हुए धूलकोट के पूर्व सरपंच नरेंद्र ने बताया कि प्रशासन भी कई दिनों से इस मेले को लेकर तैयारियों में जुटा था। उन्होनें बताया कि यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। छावनी के एयरफोर्स स्टेशन स्थित नागा पीर बाबा की दरगाह पर एक दिन के लिए लगने वाला सालाना मेला इस बार आज रविवार को लगेगा। सुबह एयरफोर्स स्टेशन का गेट खोला जाएगा और शाम को बंद कर दिया जाएगा। सालाना मेले को लेकर कई दिन पहले ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एयरफोर्स स्टेशन के अंदर ही धूलकोट गांव की सीमा के नजदीक नागा पीर बाबा की दरगाह है।

# नगर परिषद चुनावों में धीरे-धीरे गिरेंगी कांग्रेस पार्टी की विकटें : पूर्व राज्यमंत्री

## आज के दिन हर नेता भाजपा के साथ जुडनाा चाहता है, क्योंकि भाजपा ने हमेशा साफ व सुथरी राजनीति की है

**दावा**

⏩ हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार मानकार योजनाओं को धरातल पर लागू किया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नगर परिषद चुनावों में कांग्रेस पार्टी की विकटे धीरे-धीरे गिरेंगी। इस कांग्रेस पार्टी का आने वाले समय में कोई नाम लेने वाला नहीं रहेगा। आज के दिन हर नेता भाजपा के साथ जुडनाा चाहता है, क्योंकि भाजपा ने हमेशा साफ व सुथरी राजनीति की है। इस पार्टी ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार मानकार योजनाओं को धरातल पर लागू किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को देर सायं सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस प्रेस वार्ता में पूर्व पार्षद आत्मप्रकाश चुघ के बेटे कांग्रेस के नेता सुधीर चुघ व पूर्व पार्षद अंजू नययर के पति बिट्टद्दू नययर ने भी कांग्रेस को अलविदा कह कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से खुश होकर भाजपा पार्टी में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व पार्षदों और कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन की खास बात यह है कि हर छोटे और बड़े कार्यकर्ता और नेता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद थानेसर में 32 के 32 वार्डों में भाजपा के चिन्ह पर लड? के लिए प्रत्याशियों की होड लगी हुई है। इन प्रत्याशियों ने भाजपा कार्यालय में संगठन द्वारा नियुक्त की गई चयन कमेटी के समक्ष चुनाव लड? की इच्छा भी जाहिर की है। आज हर नेता भारतीय जनता पार्टी के साथ जुडकर शहर, प्रदेश और देश के विकास में अपना सहयोग देना चाहता है। ऐसे नेताओं को संगठन में पूरा तवज्जों दिया जाएगा और बकायदा पार्टी के हक में सोच रखने वाले व्यक्ति को जिम्मेवारी भी सौंपी जाएगी।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हमेशा थानेसर के विकास पर फोकस रखा है। इस सरकार के 10 सालों के कार्यकाल में थानेसर शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाए है और हर सेक्टर में इंटर ब्लॉक की सडके बनाने का काम किया है। इस शहर के वार्डों का पार्षदों की आशा के अनुरूप ही विकास करवाया है। उन्होंने कहा कि शहर के 32 के 32 वार्डों में भाजपा के ही प्रत्याशियों की जीत होगी तथा भाजपा की ही प्रत्याशी नगर परिषद की चेयरमैन बनेगी। इस मौके पर भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, भाजपा नेता सुधीर चुघ,बिट्टद्दू नयर, भाजपा नेता प्रदीप झांब, विशाल कक्कड़, रोहित अरोड़ा, तरुण पोपली, श्रेया नय्यर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## यातायात नियमों का पालन करना सुरक्षित यात्रा के लिए जरूरी- एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अंबाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया आईपीएस ने यातायात के नियमों का पालन करना क्यों है जरूरी व यातायात के नियमों का पालन न करने से आमजन को होने वाली हानी के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रहे इसके लिए यातायात नियमों की पालना करना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से दुर्घटना हो सकती है। यातायात के नियमों की पालन के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है जिसका खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़ सकता है। इसके साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात पायी जा सकती है। अगर आप सड़क पर सुरक्षित रहना चाहते हैं तो सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होती है और सही सलामत आप अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। विशेष कर मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

एसपी महोदय ने बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों की पालना हेतु लगातार जागरूक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाते है। वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनें ,मार्गों पर वाहनों की गति को नियंत्रण में रखें, कभी ओवरटेक न करें। आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर दुर्घटनाएं तेज और अनियंत्रित रफ्तार के कारण ही होती हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन इसमें एक बड़ा कारण है।यातायात के निदेर्शों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को भी सुरक्षित रखते हैं।

## कबूतरबाजी के मामलों पर पुलिस की पैनी नजर, धरपकड़ जारी: सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार तथा पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गनिर्देश में कुरुक्षेत्र पुलिस ने कबूतरबाजी के मामलों पर नकेल कसी है। जिला पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी करने वालों पर नकेल के कसते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि हरियाणा के काफी युवा विदेश में रहते हैं। इसके साथ-साथ विदेश में जाकर पैसा कमाने की काफी लोगों की इच्छा होती है। लोगों की इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं।

## शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना केयू की प्राथमिकता : प्रो. सोमनाथ

**नवाचार**

⏩ नवाचार के माध्यम से कृषि, व्यापार, विज्ञान एवं तकनीक सहित अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान करना चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूआईईटी संस्थान को मल्टी वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर के पेटेंट ग्रांट होने पर संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा युवाओं को शोध, अनुसंधान तथा नवाचार के माध्यम से कृषि, व्यापार, विज्ञान एवं तकनीक सहित अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान करना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस पेटेंट के ग्रांट होने से कृषि क्षेत्र में सुगमता और समय के साथ पैसे की बचत होगी तथा कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए यह नवीनतम तकनीक कारगर साबित होगी

। उन्होंने कहा कि नवाचार, उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए यूआईईटी संस्थान में दो इंक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने भी इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई दी।इस अवसर पर केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व निदेशक यूआईईटी संस्थान प्रो सुनील ढींगरा ने बताया कि पेटेंट मिलना किसी भी चुनौती पर निरंतर कार्य करने से ही संभव होता है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में पौध के रोपण का कार्य हाथों से किया जाता है जिसमें अधिक से अधिक मानव शक्ति व समय लगता है परंतु इस मशीन के कारण दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि केयू ऑनरेरी प्रो. रमेश कुमार मेहता ने पेटेंट से जुड़े हर पहलू को बड़ी सजगता से पेश किया व यूआईईटी टीम का पूरी निष्ठा से सहयोग किया। गौरतलब है कि यह मशीन बैंगन, टमाटर और मिर्च जैसी अनेक पौधों की रोपाई कर सकती है तथा मशीन के आंकलन एवं निरीक्षण के लिए महाराष्ट्र पुणे के महात्मा फुले कृषि विश्वविद्यालय में भी प्रदर्शित किया गया। इस मशीन के दो डिजाइंस पहले से भारतीय पेटेंट ऑफिस में रजिस्टर्ड हैं।

## पाठशाला में छात्रों ने सूर्य नमस्कार का किया अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**व्यायाम**

⏩ 12 जनवरी 2025 से महर्षि स्वामी दयानन्द जयंती 12 फरवरी 2025 तक सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा

**कुरुक्षेत्र :** भारत के आयुष विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग के सहयोग से हरियाणा योग आयोग के सौजन्य से स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 2025 से महर्षि स्वामी दयानन्द जयंती 12 फरवरी 2025 तक सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है ' इसी अभियान के प्रचार प्रसार में राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी खण्ड लाडवा जिला कुरूक्षेत्र में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया जिसके लिए योग आचार्य श्री कमल किशोर जी विद्यालय पधारे ' विद्यालय इंचार्ज श्री प्रदीप कुमार ने योग आचार्य कमल किशोर जी को उत्तरीय पहनाकर उनका स्वागत किया और विद्यार्थियों से उनका परिचय करवाया ' योगाचार्य कमल किशोर ने सूर्य नमस्कार की शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के बाद आसन प्राणायाम करवाने के बाद की जिसमें सूर्य नमस्कार के 12 मन्त्रों के साथ सूर्य नमस्कार करवाया गया ' उन्होंने बताया सूर्य नमस्कार करने से सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम होता है ' उन्होंने बच्चों को बताया कि सूर्य नमस्कार करने से शरीर में लचीलापन आता है,रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है,पाचन तंत्र बेहतर होता है कशरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है।

## कलाधारा ग्रुप ने जरूरतमंद लोगों को बांटा भोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** समाज की सेवा को समर्पित कलाधारा ग्रुप अंबाला की टीम ने मुलाना में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अधिक लोगों ने भोजन ग्रहण किया। बुधवार को ग्रुप ने एमएमडीयू मुलाना के पास कैंप लगाया। जहां कढ़ी चावल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खुला भोजन वितरित किया गया और भोजन के पैकेट भी तैयार किए गए। जिसमें करीब 300 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट भी दिए गए। कार्यक्रम यश शर्मा की देखरेख में हुआ। इस दौरान विशाली, यश, अंकुश, दिवस, राखी, हार्दिक, कंचन, अर्शदीप, विवेक, जपसिमर, कार्तिक, अभिराज, सानिया, मोहित आदि मौजूद रहे।

## दोस्त की वीजा अवधि बढ़वाने के नाम डेढ लाख ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने फतेहाबाद के गांव भिरड़ाना में एक युवक से एक लाख 48 हजार रुपये हड़प लिए। साइबर ठगों ने युवक को उसका दोस्त बनकर कॉल किया और वीजा एक्सटेंड करवाने के नाम पर यह राशि ठग ली। इस बारे साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी धर्मबीर ने कहा है कि वह फतेहाबाद में टेलीकॉम कम्पनी में काम करता है। उसका दोस्त अंकित इंग्लैंड में रहता है। कुछ दिन पहले उसके व्हाटसएप पर मैसेज आया और कहा कि वह उसका दोस्त अंकित है।

## अंबाला में मनाया दिल्ली विधानसभा चुनावों में हुई जीत का जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**खुशी की लहर**

⏩ अंबाला शहर के भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष मंदीप राणा भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांटा

**अम्बाला:** अंबाला शहर के भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष मंदीप राणा भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांट जश्न मनाया।
इस दौरान पूर्व मेयर रमेश मल व अकाली नेता चरनजीत सिंह टक्कर भी मौजूद रहे। इसी प्रकार अंबाला छावनी में भी आज दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने दोपहर में निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया। यहां पर ढोल बजाते हुए कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। अनिल विज ने कहा कि पीएम मोदी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। आप और उसके नेताओं की हार के बाद झूठ, धोखाधड़ी और मुफ्तखोरी की राजनीति खत्म हो गई है। देश की राजनीति शुद्ध हो रही है। दिल्ली की समझदार जनता ने अच्छा फैसला किया कि देश में कांग्रेस जीरो है। वही प्रदेश के अन्य जिलों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। सोनीपत में जलेबी बंटी तो वहीं सिरसा में कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर डांस किया। 4 महीने पहले ही हरियाणा में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई है। चूंकि दिल्ली हरियाणा से सटी हुई है, इस वजह से हरियाणा के उट नायब सैनी से लेकर कई दिग्गज नेता दिल्ली में प्रचार में डटे हुए थे। अरविंद केजरीवाल ने जब इखढ सरकार पर यमुना में जहर मिलाने का आरोप लगाया तो सीएम नायब सैनी ने ही मोर्चा संभाला था।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कुरुक्षेत्र में मनाई खुशी

**टीम एक्शन इंडिया**



**जीत का जश्न**

⏩ कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह किया कि वे इस जीत के उत्साह को निरंतर बनाए रखें : जिलाध्यक्ष राणा

**कुरुक्षेत्र:** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की शानदार और ऐतिहासिक जीत की खुशी में कुरुक्षेत्र भाजपा कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील राणा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत को एक नये युग की शुरूआत और पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने इस अवसर पर कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सिर्फ एक राजनीतिक जीत नहीं है, बल्कि यह जीत उन विचारों और नीतियों की भी जीत है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में लागू की गई हैं। इस जीत ने साबित कर दिया है कि लोग भाजपा के साथ खड़े हैं और हमारे द्वारा किए गए विकास कार्यों को मान्यता दे रहे हैं।उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, "यह हमारी कड़ी मेहनत और जनसेवा का परिणाम है।

पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, समर्पण और उत्साह ने इस जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस जीत के बाद हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है, और हम इसे दिल्ली समेत देश के हर कोने में भाजपा की विचारधारा को फैलाने के रूप में निभाएंगे। हम इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा के द्वारा किए गए सतत प्रयासों का परिणाम मानते हैं।मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने आगे बताया कि भाजपा कार्यलय में आयोजित इस समारोह के दौरान पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। साथ ही, उन्होंने अपने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जनता तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस खुशी के मौके पर जिलाध्यक्ष राणा ने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आग्रह किया कि वे इस जीत के उत्साह को निरंतर बनाए रखें और पार्टी के लिए अपनी निष्ठा और समर्पण को और मजबूत करें। साथ ही, उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में भाजपा और भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। समारोह के समापन पर, भाजपा कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा की विचारधारा को फैलाने और पार्टी को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त किया।

## दिल्ली की जीत से धर्मनगरी के भाजपा कार्यकर्ताओं में रहा जश्न का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरूक्षेत्र:** दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी की अपेक्षा के अनुरूप भाजपा के पक्ष में आने का असर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं के चेहरे पर स्पष्ट नजर आया। दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद बैठने का अवसर मिलने पर दिल्ली के भाजपा कार्यकताओं को तो संजीवनी मिली ही है इसके साथ ही धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के नगर परिषद के चुनाव के अपेक्षित दावेदारों में भी खुशी की लहर दौड़ रही है क्योंकि उनका मानना है कि दिल्ली की जीत का असर हरियाणा के नगर परिषद के चुनावों पर भी साफ दिखाई देगा और भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नगर परिषद के चुनावों में भी भारी जीत हासिल करेगी और पार्टी के सभी मेयर और पार्षद बड़ी मार्जिन के साथ जीत हासिल करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की जीत के अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के घर पर कार्यकताओं का जमावड़ा लग गया और कार्यकर्ताओं ने ढोल- नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा,युवा नेता साहिल सुधा को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

# दिल्ली के नागरिकों को अब मिलेगा पर्याप्त और स्वच्छ जल: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को अब पर्याप्त और स्वच्छ जल मिलेगा। इस दिल्ली राज्य के नागरिकों के लिए हरियाणा पहले ही स्वच्छ जल दे रहा था और अब दिल्ली के पानी को भी स्वच्छ बनाकर हर नागरिक तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस राज्य में भाजपा सरकार गरीबों का उत्थान करने के साथ-साथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को



अमलीजामा पहनाएगी। इससे पहले दिल्ली के लोग पिछले कई सालों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को दिल्ली में भाजपा की जीत पर गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। यहां पहुंचने पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ-साथ ढोल की गूंज के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता उपदेशों के साक्षी वट वृक्ष की मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर परिक्रमा की है। यहां पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबडा, केडीबी सदस्य विजय नरुला, भाजपा नेता साहिल सुधा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा, समाजसेवी प्रवीण शर्मा सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जलेबी खिलाकर मुंह मीठा करवाया और दिल्ली की जीत पर जश्न मनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की जीत पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ-साथ दिल्ली के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी, गरीबों के उत्थान के साथ-साथ हर वर्ग के लिए चल रही नीतियों से प्रभावित होकर दिल्ली के नागरिकों ने आपदा और भ्रष्टद्धाचारी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। इस दिल्ली राज्य के लोग पिछले 10 सालों से अच्छी शिक्षा, पर्याप्त व स्वच्छ जल के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। लोगों को इलाज के लिए भी अच्छी सुविधाएं नहीं मिल रही थी।

# अंतर जिला आदान प्रदान कार्यक्रम में गतिविधियां आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंतर ज़िला** आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम से 27 युवा प्रतिभागियों के अंबाला पधारने पर नेहरू युवा केंद्र जिला अंबाला द्वारा 5 दिवसीय कैंप में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसके अंतर्गत युवाओं को दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान युवा प्रतिभागियों को दयाल बाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पुनर्निर्मित म्यूजियम के दर्शन करवाए गए। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी जी ने म्यूजियम के मॉडल्स समझाते हुए मन को नियंत्रित करने की विधियां बताई। इस अवसर पर लंदन से पधारी मनोचिकित्सक डॉ टीना मल्होत्रा ने युवाओं को जीवन की चुनौतियों का



सामना करने के लिए एक मात्र विधि राजयोग मेडिटेशन बताया। जीवन में व्यसन आदि से अपना बचाव कर जीवन को सफल और सुखमय बनाने की विधि भी बताई। कार्यक्रम में उपस्थित गोवा के पांच सितारा होटल के वरिष्ठ मैनेजर अमित मल्होत्रा ने भी युवाओं को अपने भविष्य में किसी व्यवसाय को चुनने के लिए प्रेरित किया तथा होटल उद्योग के विषय में जानकारी सांझा की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए जिससे विकट स्थिति में भी बिना घबराए आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अर्शदीप कौर, रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता राकेश मेहता, नेहरू युवा केंद्र के अन्य अधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी की बाइक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ): एंटी व्हीकल** थेप्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 24 टीडीआई मोड़ पर एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है । आरोपी की पहचान अमन निवासी खटीक बस्ती के रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक एच एफ डिलक्स बाइक पर सवार होकर सेक्टर 24 टीडीआई मोड़ पर घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अमन पुत्र जयपाल निवासी खटीक बस्ती के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक मार्च 2023 में मित्तल मैगा माल के नजदीक पार्क के पास से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अर्जुन पुत्र प्रमोद निवासी एकता विहार कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने कबाड़ी की दुकान की हुई है। वर्ष 2023 में उसके पास खुद की बाइक नही थी, और न ही बाइक खरीदने के पैसे थे। काम करने के लिए उसने उक्त बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने आरोपी अमन के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### फेयरवेल पार्टी में बच्चों ने दी संस्कृति प्रस्तुतियां

**समालखा (कुलदीप राठी)**

**जी.वी.एम** इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया 11वीं कक्षा के छात्रों की ओर से आयोजित इस पार्टी में सब ने मिलकर धमाल मचाया कार्यक्रम का शुभआरम्भ स्कूल के अध्यक्ष राधे श्याम जांगड़ा की स्कूल. प्रधानाचार्या पम्मी और उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी भतृवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ वर्ग 11वीं के छात्रों द्वारा स्वागत गीत से किया गया 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति में अडिग रहने की सलाह दी' उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लमहे को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया बच्चों ने हर कार्यक्रम को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया ' अध्यक्ष राधेश्याम ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उसे विचार को अपने जीवन का सार बना लो उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखा उसे विचार से अपने मस्तिष्क और शरीर के हर एक भाग को उसे भरने दो और दूसरे अन्य गलत विचारों को अकेला छोड़ दो यही सफलता का रास्ता है स्कूल प्रधानाचार्या और उप प्रधानाचार्या ने 12वीं के छात्रों को उपहार भेंट किये उजजवल भविष्य की कामना की ।

### नई दिल्ली में भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने बांटी मिठाइयां



**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद गुर्जर नांगल चौधरी ।दिल्ली** में सताईश साल बाद भाजपा का सूखा समाप्त होने व सत्ता पर काबिज होने की खुशी में नांगल चौधरी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,नायब सैनी व डबल इंजन की सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर पानीपत में जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन) दिल्ली में भाजपा** के ऐतिहासिक जीत पर पानीपत जिले के भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने अपने कार्यालय पर जशन बनाया। इस दौरान भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने साथियों के साथ दिल्ली में भाजपा के ऐतिहासिक जीत पर मिठाई बाटी और कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली के लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है ऐसे में पूरे दिल्ली के लोगों को भाजपा के साथ उनके उज्जवल भविष्य की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वहीं भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने यह भी कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत का श्रेय हरियाणा के लोगों को भी जाता है क्योंकि पिछले 1 महीने से हरियाणा



भाजपा के साथी दिन प्रतिदिन दिल्ली में प्रचार के लिए लगे हुए थे। वहीं भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने जीत का श्रेय हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी को भी दिया और कहां की हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी ने दिल्ली के चुनाव में प्रचार कर नई जान फूंकने का कार्य किया। जिससे दिल्ली के लोगों को भाजपा के कार्य शैली पर और ज्यादा विश्वास हुआ और 5 फरवरी के चुनाव में भाजपा को अपना कीमती मत देकर 25 साल बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी करवाई। वहीं भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारे करनाल के पूर्व सांसद संजय भाटिया जी हरियाणा सरकार के मंत्री महिपाल ढांडा जी एवं पानीपत शहरी विधानसभा से विधायक प्रमोद विज जी ने दिल्ली चुनाव में प्रचार के दौरान दिल्ली के लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके उज्जवल भविष्य एवं दिल्ली के विकास के लिए केवल भाजपा ही कार्य कर सकती है। हरियाणा भाजपा की कार्यकताओं एवं नेताओं की मेहनत के कारण आज दिल्ली में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है।

वहीं भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने यह भी कहा कि आने वाली नगर निगम चुनाव में यह साफ हो गया है कि पानीपत की 26 के 26 पार्षद एवं पानीपत नगर निगम का मेयर भाजपा का होगा।

# कक्षा बारहवीं कक्षा की विदाई पार्टी का आयोजन किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**जीवीएम इंटरनेशनल** स्कूल बापौली में कक्षा बारहवीं कक्षा की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया के। इसमें स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों को विदाई दी।कार्यक्रम का संचालन महक और दीक्षा ने किया। वही स्कूल के प्रबन्धक राधेश्याम जांगड़ा , डायरेक्टर राहुल जांगड़ा , प्रिंसिपल मनप्रीत कौर व सोनिया सेतिया व अध्यापक गण भी मौजूद रहे। इस दौरान महक और दीक्षा ने मनोरंजन टाइटल देकर समारोह को और भी यादगार बनाया

# आध्यात्मिक मेले को लेकर ब्रह्माकुमारीज द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
ब्रह्माकुमारीज, सेक्टर-12, हुडा, पानीपत द्वारा आयोजित "द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला" को लेकर आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में मीडिया को मेले की विशेषताओं, उद्देश्यों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके सुनीता बहन ने मेले की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की और इसके आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को ईश्वर की सच्ची पहचान कराना, आत्मिक जागरूकता बढ़ाना और राजयोग के माध्यम से जीवन में शांति एवं सकारात्मकता लाना है। उनके साथ बीके सारिका बहन भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने मेले के विभिन्न आयोजनों और विशेष झांकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय मीडिया के कई पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे। सभी सवालों का विस्तार से उत्तर देते हुए ब्रह्माकुमारीज की बहनों ने सभी को इस आध्यात्मिक मेले में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

# यह लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक और राष्ट्र निर्माण की जीत: कटारिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: भारतीय जनता** पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की यह लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक और राष्ट्र निर्माण की जीत है। कटरिया के समर्थकों ने आज मिठाई बाटकर खुशियों का इजहार किया और सूरजभान



कटारिया ने उपस्थित सभी को कहा कि 27 वर्षों के बाद में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन दिल्ली प्रदेश में हुआ है जो कि दिल्ली को विकास की दृष्टि में आगे बढ़ाएगा। कटारिया ने कहा है कि अब देश, दिल्ली में और दिल्ली नगर निगम में तीनों जगह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति के तहत विकास कार्य आरंभ होंगे।

# डबल इंजन की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। दिल्ली** विधानसभा के चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के लिए करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने खुशी जाहिर की और दिल्ली की जनता का धन्यवाद किया तथा डबल इंजन की सरकार बनने पर बधाई दी। विधायक ने हरियाणा बीजेपी के सभी कार्यकताओं को भी दिल्ली चुनावों में जीत के लिए बधाई दी और कहा कि इस जीत में हरियाणा के कार्यकताओं का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि झूठ की राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती, अब दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि केजरीवाल झूठ का पुलिंदा है।

# मास्टर्स एथलैटिक्स चैम्पियनशीप में जीते 4 पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : केरला के** त्रिशुर में राष्ट्रीय मास्टर्स एथलैटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 31 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक हुआ। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने 4 मेडल जीतकर हरियाणा प्रदेश का नाम पूरे राष्ट्र में रोशन किया है। कुरुक्षेत्र द्रोणाचार्य स्टेडियम में शनिवार को खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इन खिलाड़ियों को स्टेडियम के प्रशिक्षकों ने मेडल देकर सम्मानित किया। वर्टन राष्ट्रीय खिलाड़ी वीरभान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 17 राज्यों के 2300 खिलाड़ियों ने भाग लिया



जिसमें हरियाणा के 130 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र के 11 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपना दम दिखाया और 4 खिलाड़ियों ने मेडल जीते। जिनमें सुनील कुमार कारसा ने 35 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग में 10 रेस में ब्रॉन्ज मेडल, अमीन गाँव के पूर्व सरपंच पुर्नवसु चौहान ने 50 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग में रेस में ब्रॉन्ज, रामगोपाल शर्मा ने 50 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग में शॉटपुट इवेंट में ब्रॉन्ज, नसीब सिंह ने 55 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग में रिले रेस में रजत पदक प्राप्त किए। सभी खिलाड़ियों ने जिला व अपने गांव का नाम रोशन किया। इसके अलावा प्रवेश कमांडो और मास्टर सुरेन्द्र को चौथा स्थान हासिल हुआ है।

**पदक**

**सभी खिलाड़ियों ने जिला व अपने गांव का नाम रोशन किया। प्रवेश कमांडो और सुरेन्द्र को चौथा स्थान हासिल हुआ**

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ऑनलाईन पंजीकरण के बाद मिलेगा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार** दहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाईन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अर्न्तगत 71 हजार रुपए का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गो की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा।

# यह संपूर्ण चराचार विश्व परमात्मा का ही प्रतिरूप है: डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**विचार मनुष्य के मन और शरीर पर अपना स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। शुभ विचार मनुष्य को सदैव आत्म विश्वास की ओर ले जाते हैं। जिस समय में आप विचारों में उच्चता लाने का प्रयास करेगें, वही समय आपके जीवन का महत्वपूर्ण समय होगा। आत्मोन्नति के लिए शुभ विचारों को स्थान देना एवं उनके अनुरूप ही जीवन ढालना आवश्यक है।यह संपूर्ण विश्व परमात्मा का ही प्रतिरूप है। जीवन का वास्तविक लक्ष्य है दिव्य सत्ता का समष्टि ईश सत्ता में मिल जाना। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने डेरा



संत प्रेम सिंह से महाराज मटौर द्वारा आयोजित मानव जीवन में सत्संग का महत्व विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सबद गायन से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सत्संग का महत्व बताते हुए कहा परमात्मा मिलना उतना कठिन नहीं है जितना कि पावन सत्संग का मिलना कठिन है। यदि सत्संग के द्वारा परमात्मा की महिमा का पता न हो तो सम्भव है कि परमात्मा मिल जाय फिर भी उनकी पहचान न हो, उनके वास्तविक आनन्द से वंचिर रह जाओ। सच पूछो तो परमात्मा मिला हुआ ही है। उससे बिछुड़ना असम्भव है। फिर भी पावन सत्संग के अभाव में उस मिले हुए मालिक को कहीं दूर समझ रहे हो।जो जीवन मक्खियों की भाँति स्वार्थ संकीर्णता की रात के ऊपर भिनाभिनाने में ही विस्फोट होता है उसे धिक्कार है। जो इन्द्रियों का दास बनकर रहता है, वह जीवन को व्यर्थ ही गँवा रहा है। इस देह की सार्थकता तभी है जब सात्विक और परोपकार की ज्योति से जगमगाता जीवन जिया जाए। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा लाखों योनियों में भटकने के बाद प्राप्त हुई इस नर देह को इसके गौरव के अनुरूप ही चलना चाहिए। यह शोभा नहीं देता कि हम मनुष्यता को कलंकित करने वाले कुकर्म करें। तुष्ट विषय भोगों में फँसकर अपने जीवन लक्ष्य को डूबा बैठें। हंस नीर क्षीर विवेकी होता है, हमें भी न्याय और अन्याय का अंतर कर नीति और न्याय के पथ का ही अवलंबन करना चाहिए। हमे अपने जीवन में यह व्रत लेना चाहिए कि हमें भले ही अभावों से जीवन जीना पड़े लेकिन अनीति और अन्याय से न तो धन खरीदें और न ऐसे धन का उपयोग करें। वास्तव मे इस मानव देह की सार्थकता तभी है जब सात्विक और परोपकार की ज्योति से जगमगाता जीवन जिया जाए। हम अपने जीवन को यादगार बनायें। सत्य और प्रेम हमारी सांस सांस में हो। दया, सौजन्य, संयम, सेवा, और सहानुभूति हमारे प्रत्येक आचार-विचार में पल्वित पुष्पित हों-तभी पवित्र अर्थों में हम मानव कहलाने के योग्य हो सकते हैं।

भजन एवं सबद गायन किया। कार्यक्रम संयोजक विजय सैनी ने कहा सतपाल सिंह जी महाराज की प्रेरणा से मानव जीवन में सत्संग का महत्व विषय पर आयोजित इस व्यख्यान से निश्चित रूप से सभी सत्संगियों को आत्मलोकन में लाभ होगा।

# दिल्ली-विजय पीएम मोदी, पार्टी नेतृत्व और जनता की मेहनत का परिणाम है : नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: कुरु**क्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी नेतृत्व, कार्यकताओं और दिल्ली की जनता को हार्दिक बधाई दी है।सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह जीत हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी विकासपरक नीतियों और दिल्ली वासियों के अटूट विश्वास व भरोसे की प्रतीक है। मैं भारतीय जनता पार्टी के सभी समर्पित कार्यकताओं



को बधाई देता हूँ, जिनकी कड़ी मेहनत और सेवा भावना ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की यह जीत न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश के विकास और सुशासन की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगी। सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के उन सभी लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस शानदार जीत के लिए अपने स्तर पर, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया।सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि आप सभी के विश्वास और हमारे संकल्प से दिल्ली एक बार फिर विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगी। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

# वजीरपुर विधानसभा सीट पर खिला कमल, पूनम शर्मा भारद्वाज की हुई बड़ी विजय

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से 'झाड़ू' का हुआ सफाया, पूनम शर्मा भारद्वाज ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया और दिल्ली भगवामय हुई और भाजपा के 48 प्रत्याशी विजयी हुए, जिससे खुश हो भाजपा कार्यकर्ता जीत का जश्न मना रहे है। वहीं, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज विजयी हुई है। पूनम शर्मा भारद्वाज को 54721 वोट मिले। पूनम भारद्वाज ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजेश गुप्ता को 11425 वोट से हराया। इस मौके पूनम शर्मा भारद्वाज ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है, मैं वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ आप सभी ने मुझे विजयी बनाया है, मैं आप सभी से वादा करती हूं कि मैं क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी, जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज की विजय होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थको ने क्षेत्र में मिठाईयां बांटी और जीत का जश्न मनाया।

# देश को धूर्तता और मूर्खता की राजनीति नहीं चाहिए: नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भारतीय जनता** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में कहा कि देश को धूर्तता और मूर्खता की राजनीति नहीं चाहिए। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की ओर था। दिल्ली में मिली बड़ी जीत पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह 'उत्साह' और 'सुकून' का अवसर है। दिल्ली में धरना-प्रदर्शन की राजनीति तथा टकराव और प्रशासनिक अनिश्चित से लोगों को बहुत नुकसान हुआ है। आज दिल्ली के विकास के सामने बड़ी रुकावट दिल्लीवासियों ने दूर की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली में विधानसभा के पहले सत्र में 'कैग की रिपोर्ट' प्रस्तुत की जाएगी और भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और लूट का धन वसूल किया जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच 'अर्बन नक्सल' जैसी हो गई है और आम आदमी पार्टी इसी सोच को आगे बढ़ा रही थी। यही अर्बन नक्सल सोच राष्ट्र की उपलब्धियों पर हमला करती है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः लोकसभा अध्यक्ष** ओम बिरला ने लोगों, विशेषकर युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में सच्ची मार्गदर्शक शक्ति हैं, क्योंकि वे ज्ञान के स्थायी अभिलेख हैं। जो भावी पीढ़ियों के लिए विचारों और विरासतों को संरक्षित करती हैं। उन्होंने युवाओं से चुनौतियों पर विजय पाने के लिए प्रेरणा, प्रोत्साहन और शक्ति के स्रोत के रूप में पुस्तकों को अपनाने का आग्रह किया। बिरला ने आज चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में प्रसिद्ध पत्रकार और राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी द्वारा लिखित दो पुस्तकों - 'स्त्रीः देह से आगे' और 'माइंड बॉडी इंटेलेक्ट' का लोकार्पण करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिरला ने विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय में मार्गदर्शन, ज्ञान और शक्ति प्रदान करने में पुस्तकों की अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुस्तकें न केवल आजीवन साथी होती हैं।




# भारतीय जनता पार्टी की जीत पर व्यापारियों ने बांटी मिठाई





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भारतीय जनता** पार्टी की दिल्ली की जीत को लेकर व्यापारियों में काफी खुशी है, इसको लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के बैनर तले व्यापारियों ने जगह-जगह मिठाई बांटी और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, गोपाल ग्रोवर व्यापारी नेता हरजीत सिंह छाबड़ा, रमन हांडा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है जिस प्रकार भाजपा पूरे बहुमत के साथ दिल्ली में आई है। इससे व्यापारियों में उम्मीद जगी है के आने वाले समय में बड़ी खुशी की बात है जिस प्रकार भाजपा पूरे बहुमत के साथ दिल्ली में आई है। इससे व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में दिल्ली में केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार मिलकर तेजी से विकास करेगी और जो भी मुख्यमंत्री बनेंगे उसको फेडरेशन का एक डेलिगेशन मिलकर सदर बाजार की समस्याओं से अवगत कराएगा और सदर बाजार विकास बोर्ड की मांग करेगा।

# मनजिंदर सिंह ने राजौरी गार्डन के मतदाताओं का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भाजपा के** राष्ट्रीय सचिव और राजौरी गार्डन से नवनिर्वाचित विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के सभी मतदाताओं, विशेष रूप से राजौरी गार्डन के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रचंड जनादेश दिया। उन्होंने जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने का संकल्प लिया। राजौरी गार्डन सीट से 18,190 वोटों से जीत दर्ज करने के बाद अपने संदेश में सिरसा ने कहा कि वह राजौरी गार्डन के सभी मतदाताओं और दिल्ली की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने दिल्ली को स्वच्छ, विकसित और सुंदर राष्ट्रीय राजधानी बनाने के लिए भाजपा को वोट दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आने वाले पांच वर्षों में राजौरी गार्डन क्षेत्र के विकास और जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सेवाओं की त्वरित और प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके।







दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को बधाई देते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल।

# आरएमएल में पहली बार की गई घुटनों की दो सफल रोबोटिक सर्जरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः डॉ. राम मनोहर** लोहिया (आरएमएल) अस्पताल और अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एबीवीआईएमएस) में पहली बार सफल रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन किया गया। अस्पताल में पहले से ही घुटना प्रतिस्थापन यानि रिप्लेसमेंट किया जाता है लेकिन रोबोट की मदद से पहली बार किया गया। अपस्ताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला के नेतृत्व में, डॉ. ओ.पी. मीना और डॉ. वासु शर्मा और उनकी टीम की विशेषज्ञ सहायता के साथ 55 साल की एक महिला के दोनों घुटने और 65 साल के पुरुष के एक घुटने का प्रतिस्थापन किया गया।

तीनों घुटने का ऑपरेशन एक ही दिन किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अब दोनों मरीज स्वस्थ और चल फिर रहे हैं। शनिवार को आरएमएल अस्पताल ने ट्वीट करके बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में पहली बार दिल्ली के सरकारी अस्पताल में घुटना प्रतिस्थापन की सर्जरी रोबोट के जरिए की गई। आरएमएल अस्पताल का पहला रोबोटिक घुटना प्रतिस्थापन सफलतापूर्वक किया जाना इस सर्जरी की सटीकता का परिणाम है।

# मुस्लिम बाहुल इलाकों में आम आदमी पार्टी का अच्छा प्रदर्शन, एआईएमआईएम के दोनों उम्मीदवार हारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा था, लेकिन असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) ने ओखला और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतार दिए, जिससे यह दोनों सीटें हॉट सीट बन गई थीं। सभी राजनीतिक पंडितों की नजरें इन सीटों पर थीं और लोग एआईएमआईएम उम्मीदवारों से बड़े उलटफेर की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन एआईएमआईएम के दोनों उम्मीदवार कोई प्रभाव छोड़ने में विफल रहे। एआईएमआईएम ने सीएए-एनआरसी मामले में जेल में बंद शिफाउर्रहमान को ओखला से अपना उम्मीदवार बनाया था। वह जामिया मिलिया इस्लामिया ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। माना जा रहा था कि सीएए-एनआरसी विरोध-प्रदर्शन में उनके समर्थन का असर इस चुनाव में दिखेगा और भावनात्मक ध्रुवीकरण के सहारे वह यह सीट जीत सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्हें अच्छी तादाद में वोट जरूर मिले लेकिन वे तीसरे स्थान पर रहे। आम आदमी पार्टी के अमानतुल्लाह खान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनीष चौधरी को 23,639 मतों के अंतर से हराकर तीसरी बार जीत हासिल की। अमानतुल्लाह खान को 88,943 वोट मिले, जबकि भाजपा के मनीष चौधरी को 65,304 वोट मिले।

# जनता ने आआपा और केजरीवाल के भ्रष्टाचार को नकाराः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी (आआपा) और अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार, अराजकता के शासन को नकार दिया है।

दिल्ली की जनता ने भाजपा पर विश्वास प्रकट करते हुए एक बड़ा बहुमत उसे दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को विकसित दिल्ली के निर्माण का अवसर दिया है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह चुनाव विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता के विश्वास की है, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व की है और सर्वोपरि हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम की है। उन्होंने दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अरविंद केजरीवाल लगातार कहते थे कि वह ईमानदार हैं और दिल्ली की जनता अपने वोट से उन्हें जेल भेजने का बदला भाजपा से लेगी। दिल्ली की जनता ने आज केजरीवाल को बड़ी हार देकर भ्रष्ट मान चुकी है।

# बाजार की ताकतें तय करती हैं विदेशी मुद्रा दरः संजय मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः रिजर्व बैंक** ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्य बाजार की ताकतें तय करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक रुपये के मूल्य में दिन-प्रतिदिन होने वाले उतार-चढ़ाव को लेकर चिंतित नहीं हैं।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रिजर्व के साथ 613वीं केंद्रीय बोर्ड की बैठक के समापन के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक मध्यम से लंबी अवधि में रुपये के मूल्य पर ध्यान देता है।



उन्होंने रुपये की विनिमय दर में गिरावट पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि आरबीआई के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है, यह किसी भी कीमत स्तर या दायरे को नहीं देखता है। मल्होत्रा ने कहा कि हमारा प्रयास अत्यधिक अस्थिरता पर अंकुश लगाना है। हम रोजाना के उतार-चढ़ाव या विनिमय दर पर ध्यान नहीं देते। आरबीआई गवर्नर ने कीमत वृद्धि पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के प्रभाव पर कहा कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में पांच फीसदी की कमी घरेलू मुद्रास्फीति को 0.30 से 0.35 फीसदी की सीमा तक प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि और महंगाई के अनुमानों पर काम करते समय मौजूदा रुपया-डॉलर दर को ध्यान में रखा है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारतीय मुद्रा में ज्यादातर गिरावट वैश्विक मुद्दों और विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी घोषणाओं की वजह से सामने आई अनिश्चितताओं के कारण है।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि स्थिति सुधरेगी और इससे हमें मुद्रास्फीति को नीचे लाने में मदद मिलेगी। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि आरबीआई बैंकों में पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से सजग है। संयज मल्होत्रा ने क्रिप्टो-करेंसी के बारे में कहा कि क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्दों को देखने के लिए सरकार ने एक कार्य समूह का गठन किया है। क्रिप्टो पर एक चर्चा पत्र भी जारी किया जाएगा। उन्होंने ने कहा, नकदी को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने के लिए हमारे पास कई साधन हैं और हम उनका उपयोग करेंगे। हमारे पास खुले बाजार में बॉन्ड की खरीद-बिक्री (ओएमओ) है, हम पर्याप्त नकदी मुहैया करने के लिए इन उपायों का उपयोग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को नौ पैसे चढ़कर अबतक के निचले स्तर से उबरते हुए 87.50 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# कांग्रेस का लगातार तीसरी बार नहीं खुला खाता, 67 सीटों पर जमानत जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का लगातार तीसरी बार भी खाता नहीं खुला है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष समेत तीन उम्मीदवार ही जमानत बचाने में सफल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि कांग्रेस के लिए अभी दिल्ली दूर है। जमानत बचाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सफल रहे हैं। उन्होंने बादली विधानसभा सीट पर 41071 वोट (27.22 फीसद) हासिल किया है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अहीर दीपक चौधरी ने 61192 वोट पाकर जीत दर्ज की है। दूसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी (आआपा) उम्मीदवार अजेश यादव रहे हैं। इसके अलावा कस्तूरबा नगर से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने 27019 वोट (31.98 फीसद) पाकर जमानत बचा ली है। वह इस सीट पर दूसरे स्थान पर रहे हैं। यहां पर भाजपा उम्मीदवार नीरज बैसोया को 37896 वोट मिले हैं। उन्होंने अभिषेक दत्त को 11048 वोट के अंतर से हराया है। नांगलोई जाट विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रोहित चौधरी 32028 वोट (20.1 फीसद) पाकर जमानत बचाने वाले तीसरे और अंतिम उम्मीदवार है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार शौकीन ने 75272 वोट हासिल करके विजय प्राप्त की है।

# दिल्ली में जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

## आतिशबाजी की और ढोल बजाए, कार्यकर्ता बोले जनता ने केजरीवाल के झूठे वादे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: भारतीय जनता** पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुर विधानसभा में मिली जीत का जोरदार जश्न होली गेट चौराहे पर मनाया। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता होली गेट चौराहा पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि हमने दिल्ली चुनाव जीता है और मैं प्रधानमंत्री मोदी को उनके सुशासन के कारण इस जीत के लिए बधाई देना चाहता हूं। वहीं उन्होंने कहा दिल्ली के लोगों ने पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाओं पर अपना



भरोसा जताया है। लोगों ने आप सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया है। वहीं उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल के विचार कम्युनिस्ट हैं। उन्होंने कभी दिल्ली के लोगों की परवाह नहीं की। वहीं उन्होंने कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार दिल्ली के विकास के लिए काम करेगी।वहीं महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि यह जीत कार्यकताओं की मेहनत और पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है।

**विश्वास जताया**

**मोदी के नेतृत्व में मिल्कीपुर विधानसभा एवं दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा एवं दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेता मदन मोहन श्रीवास्तव, संजय गोविल, पार्षद विजय शर्मा, नरेश शर्मा, राजेश गुप्ता, राजेंद्र पटेल, प्रशांत यादव, यज्ञदत्त कौशिक, योगेंद्र चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, नितिन कौशिक, कुलदीप शर्मा, पंकज शर्मा, संदीप माथुर, सर्वेश चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, ललित अग्रवाल, अल्लतुम, निजाम, प्रदीप शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी एवं सभी मंडल अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। शहर के अन्य स्थानों पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया।

# किसानों के उत्थान से ही देश का विकास संभव है: राज्यपाल, आनंदीबेन पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन के गांधी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने उत्पादों के लिए सही बाजार और उचित मूल्य की व्यवस्था मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में संबंधित विभाग से संपर्क कर किसानों को ऑर्गेनिक खेती की सुविधाएं दी जाएं। इसके अलावा, उन्होंने कोल्ड स्टोरेज में सोलर एनर्जी की व्यवस्था करने पर



जोर दिया ताकि बिजली खर्च कम हो और किसानों को अधिक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में किसानों को आ रही सभी दिक्कतों का तुरंत निवारण और इसके लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्राइमरी स्कूलों में अक्षय पात्र के माध्यम से बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है, उसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्रों में भी अक्षय पात्र के माध्यम से बच्चों के भोजन की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि वे अपने घर के एक कोने में सीजनल ऑर्गेनिक सब्जियां उगाएं और अपने परिवार को स्वस्थ भोजन प्रदान करें। राज्यपाल ने यह भी घोषणा की, कि राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी के दौरान एक हेल्थ कैंप लगाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने खुद को गोली मारी, मौत

**हरदोई: कोतवाली शाहाबाद** इलाके में एक 18 साल के युवक ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। युवक नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

मजरा नेवादा गांव के रहने वाले छात्र अर्जित ने शनिवार दोपहर को देसी तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज से परिजन और आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गये। सूचना पर सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। तत्काल फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। सीओ ने बताया कि परिवारिक विवाद पर ?अर्जित ने खुद को गोली मारा है। वह नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

### पावर कारपोरेशन ने ट्रांजेक्शन एडवाइजर की सेवा शर्तों में किये बदलाव, टेंडर की तिथि बढ़ाई

**लखनऊ: पावर कारपोरेशन** ने दक्षिणांचल और पूर्वांचल के 42 जनपदों का निजीकरण करने के क्षेत्र में ट्रांजेक्शन एडवाइजर की सेवा शर्तों में कई बदलाव करते हुए ट्रेंडर प्रक्रिया को एक मार्च तक बढ़ा दिया है। इसके लिए सात कंसलटेंट कम्पनियों द्वारा अलग-अलग सेवा शर्तों में बदलाव की मांग उठाई गई थी। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका विरोध किया है। पावर कॉरपोरेशन ने प्री बिड कॉन्फ्रेंस में लिए गए निर्णय के आधार पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनर्जी ट्रांसपोर्ट को पूरे मामले को भेजा था। अंततः एनर्जी टास्क फोर्स ने अनेक सेवा शर्तों में बड़े पैमाने पर शिथिलता दे दी है। सबसे चौंकाने वाला मामला यह है कि न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर जो 500 करोड़ था। उसे 200 करोड़ कर दिया गया और कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के सबसे महत्वपूर्ण पैरामीटर को लगभग शिथिल कर दिया गया है। अब उसके रहने, न रहने का कोई मतलब नहीं है और सभी शिथिलता देते हुए ट्रांजैक्शन एडवाइजर का जो टेंडर 18 फरवरी तक आगे बढ़ाया गया था। अब उसे एक मार्च तक आगे बढ़ाते हुए तकनीकी बिड तीन मार्च को खोलने हेतु आदेश जारी किए गए हैं और टेंडर पोर्टल पर इसकी सूचना को सार्वजनिक कर दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव पर एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा कॉन्फिलट आफ इंटरेस्ट (हितों का टकराव) के सबसे महत्वपूर्ण पैरामीटर में जो शिथिलता प्रदान की गई है। वह पूरी तरह केंद्रीय सतर्कता आयोग( सीबीसी) की गाइडलाइन अपॉइंटमेंट का कंसलटेंट के लिए जारी विस्तृत कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के प्रावधान का खुला उल्लंघन है। इसे उपभोक्ता परिषद कभी भी सफल नहीं होने देगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल इस गंभीर मामले की उच्च स्तरीय जांच करने का आदेश देना चाहिए कि किसके दबाव में केंद्रीय सतर्कता आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट मामले में शिथिलता प्रदान की गई। उपभोक्ता परिषद चुप नहीं बैठने वाला है। जरूरत पड़ने पर इस मामले की शिकायत केंद्रीय सतर्कता आयोग को भी करेगा और साथ ही विद्युत नियामक आयत के सामने भी इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाएगा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि पहले पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव पर एनर्जी टास्क फोर्स ने कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट का मजबूत प्रावधान किया ऐसे में उसमें शिथिलता और बदलाव की क्या जरूरत पड़ गई। सभी को पता है कंसल्टेंट के मामले में हितों के टकराव का मामला सबसे गंभीर होता है, क्योंकि ज्यादातर कंसलटेंट कंपनियां निजी घरानो के साथ साठ-गांठ रखती हैं और उसी के आधार पर आगे घालमेल करवाती है।

### हैलट अस्पताल के निमार्णाधीन भवन में अज्ञात युवक ने संदिग्ध हालात में लगाई फांसी

**कानपुर: स्वरूप नगर** थाना क्षेत्र स्थित हैलट अस्पताल के निमार्णाधीन भवन में शनिवार को 40 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे से झूलता मिला। जब मजदूर काम करने पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। हैलट अस्पताल के निमार्णाधीन भवन में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से एक जोड़ी चप्पल और एक शॉल भी बरामद हुआ है। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। स्वरूप नगर थाना प्रभारी सूर्यबली पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टि में देखने से मृतक मजदूर लग रहा है। उसकी शिनाख्त के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उसकी मौत कैसे फांसी लगाने से हुई है या उसे किसी ने मारकर लटकाया है। इन सभी सवालों के जवाब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मिल सकेंगे।

# सोनभद्र में दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**सोनभद्र: राबर्ट्सगंज** कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, उसका विडियो बनाकर प्रसारित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस से शिकायत की थी।

पुलिस अधिक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने 31 जनवरी को थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम सुकृत निवासी दीपक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाएं। उसका वीडियो भी बनाया था।

# अप्रवासी भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार से कांग्रेसी उद्वेलित

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: अमेरिका से** वापस भेजे गये अप्रवासी भारतीयों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुखर हैं। कांग्रेसियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। वहां कांग्रेसियों ने शनिवार को होलीगेट पर हाथ, पैरों में जंजीर डालकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि यह भारत की अस्मिता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया गया अपमान है। यह भारतीयों का अपमान है। प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता इस घटना से खुद को आहत महसूस कर रहा है। हर भारतवासी आहत है। यह





सब केन्द्र सरकार की सहमति से हुआ है। महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि के नेतृत्व में होलीगेट पर कांग्रेसियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इससे पहले जिन्होंने सक्षम रहते हुए भारतीयों को सकुशल स्वदेश लाने की पहल नहीं की इस प्रकरण के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में होली गेट चौराहे पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि अमेरिका से निष्कासित किए गए भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर अपमानित करके छोड़ा गया है और देश आहत है। भारत का अपमान होता रहा और जिम्मेदार चुप्पी साधे रहे। भारत के 140 करोड लोगों का अपमान कराने में भारत सरकार शामिल रही है।

अमेरिका के सामने भारत की विदेश नीति नतमस्तक होकर खड़ी है। अमेरिका का यह कृत अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार चार्टर के खिलाफ है। पार्षद अबरार कुरैशी, धनंजय चौधरी, जिलानी कादरी, विपुल पाठक, रमेश कश्यप, अनाम धन्य तिवारी, राजू फारुकी, आशीष अग्रवाल, रवि वाल्मीकि, पूरन सिंह, अमित राज, अनवर फारुकी, देवेंद्र कुमार, लाला, अनिल खरे, शाहरुख खान, पप्पू खान, जितेंद्र शर्मा, बबलू कुमार आदि विरोध प्रदर्शन में शामिल थे।

# अंधाधुंध कटौती की शिकायत पर बकाये का ताना

## ग्रामीण बोले जिलाधिकारी से मिलकर करेंगे शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: चौमुहां** में बिजली आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वह इसकी शिकायत करते हैं तो विद्युत विभाग के अधिकारी बकाये का ताना देकर बकाया जमा करने की ताकीद देकर वापस भेज देते हैं। इधर माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा इसी माह होनी है। छात्र छात्राओं की परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली ट्रिपलिंग के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्र छात्राएं मोमबत्ती एवं मोबाइल की टार्च जलाकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कस्बे की बिजली व्यवस्था बुरी तरह से फैल

**शिकायत**

**ग्रामीणों का कहना है कि बिजली समस्या से संबंधित चौमुंहा उपकेंद्र के अधिकारियों को फोन करते हैं**

हो रही है। बिजली की आंख मिचौली से लघु उद्योगों पर असर हो रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बकाया बिल के नाम पर दिन भर बिजली आपूर्ति की कटौती होती है। बिजली कटौती के कारण किसान समय से अपने पशुओं के लिए चारा एवं पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं। इस ओर बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का कोई ध्यान नहीं हैं। विभाग द्वारा मनमानी की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली समस्या से संबंधित चौमुंहा उपकेंद्र के अधिकारियों को फोन करते हैं तो फोन रिसीव नहीं करते। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो वह जिलाधिकारी से लिखित में शिकायत करेंगे। लाखन सिंह, द्वारिका यादव, सत्यपाल सिंह, कारे भगत, जीतू, शिशुपाल एड., राजू, कान्हा लंबरदार, मदनगोपाल आदि शिकायत करने वालों में हैं।

# तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत

**औरैया: जिले** के दिबियापुर नगर के सहायल रोड पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मैनपुरी निवासी आशीष, जो एक शादी समारोह में शामिल होने अबाबर गांव आया था। अपने साथी के साथ मोपेड पर दिबियापुर बाजार जा रहा था। सहायल रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में आशीष (25) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सीएचसी दिबियापुर ले गई।

# सीओ ने मौके पर किया शिकायतों का निस्तारण



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरह: जनसुनवाई के** दौरान आने वाली शिकायतों में जमीनी विवाद संबंधी शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जमीन की कीमतों में इजाफा और वारिसान के बीच लगातार विभाजन से छोटी हो रहीं जोत को इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार माना जा रहा है। जमीनी विवादों की मूल प्रवृति के निस्तारण में पुलिस की भूमिका अग्रणी नहीं रहती है लेकिन किसी भी विवाद में पुलिस की उपस्थित प्रथम रहती है। यही वजह है कि तहसील दिवस की तरह थाना दिवस में भी जमीनी विवादों की संख्या लगातार बढ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए थाना दिवस में भू राजस्व से जुडे कर्मचारियों और अधिकारियों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास रहता है। जिससे इस तरह की की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके और विवाद को आगे बढ़ने से रोका जा सके। इसके उलट भू राजस्व से जुड़े कर्मचारी और अधिकारी थाना दिवस में उपस्थित रहने में असहज महसूस करते हैं। जिससे विवादों का निस्तारण होने में विलंब हो रहा है और विवाद कई दूसारे रूपों में सामने आ रहे हैं। कई बार लॉ एण्ड ऑर्डर की स्थिति बन जाती है। शनिवार को फरह थाने पर थाना दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। क्षेत्राधिकारी रिफायनरी ने सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में दर्जन भर से ज्यादा लेखपाल तैनात है लेकिन थाना दिवस में मात्र चार लेखपाल ही पहुंचे। थाना दिवस में तरह तरह की शिकायत अधिकारियों को मिलीं। कुछ को मौके पर ही निस्तारित करा दिया और दो का निस्तारण नहीं हो सका। क्षेत्राधिकारी रिफायनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि कुछ लेखपाल थाना दिवस में नही पहुंचे हैं।

# प्रतिनिधि मण्डल ने किये श्रीबाँकेबिहारी जी महाराज के दर्शन

## श्रीहरिदास पीठाधीश्वर महाराज से प्राप्त किया आशीर्वाद, जुटाई ब्रज संस्कृति के विषय में गहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: ब्रज** भ्रमण के अंतर्गत श्रीधाम वृन्दावन पहुंचे सरकारी अधिकारीजनों के सांस्कृतिक प्रतिनिधि मण्डल ने जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारीजी महाराज के दर्शन कर राष्ट्रोन्नति की प्रार्थना की।

साथ ही श्रीहरिदास पीठाधीश्वर, इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं ब्रज संस्कृति के विषय में व्यापक जानकारी जुटाई। सुबह करीब 10 बजे वृन्दावन पहुँचे इस दल ने सर्वप्रथम प्राचीन श्रीहरिदास पीठ मंदिर में संगीत सम्राट श्रीस्वामी



हरिदासजी महाराज के मनोहारी दर्शन करने के उपरांत श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट व अंतरराष्ट्रीय सेवायत परिषद के संस्थापक श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी महाराज व आचार्य विप्रांश वल्लभ गोस्वामी से आशीर्वाद प्राप्त किया।साथ ही ब्रज संस्कृति के संदर्भ में गहन जानकारी अर्जित की।

उप्र संस्कृति विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. प्रद्युम्न सिंह के नेतृत्व में ब्रज भ्रमण पर पहुँचे इस सांस्कृतिक प्रतिनिधि मण्डल में यात्रा का संयोजन कर रहे उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. उमेश शर्मा एवं गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार, अनिल सूद, प्रबोधकुमार, डॉ. पीके. शर्मा, डॉ. आरके वत्स, सुशील शर्मा, वीके अग्रवाल, जेपी मिश्रा, बीके चोपड़ा, दिनेश गुप्ता, पारितोष शर्मा, सूद, अंजू ठकुराल आदि अनेक वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# अतिक्रमण हटने के बाद सुंदर दिखने लगीं राधाकुंड की सडकें

## राधारानी परिक्रमा मार्ग से एक रंग में रंगी दिखेंगी दीवारें, सांकेतिक पट्टी बना कर किया कार्य का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: गोवर्धन सप्तकोसीय** परिक्रमा में ई रिक्शाओं की संख्या असीमित है। जिस वजह से परिक्रमा मार्ग सहित राधाकुंड कस्बे में जाम के हालात बने रहते हैं।स्थानीय लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पंचायत राधाकुंड में आईएएस ईओ रिंकू सिंह राही ने जाम से मुक्ति दिलाने का कार्य किया। राधाकुंड में जाम व अतिक्रमण रामलीला मैदान राधा रानी परिक्रमा मार्ग सब्जी मंडी स्टेट बैंक तिराहा पर बना रहता है। असीमित ई-रिक्शा सड़कों पर



ठेला एवं रेहड़ी पटरी लगाने बालों के कारण स्थानीय निवासियों के साथ परिक्रमा करने वाले भक्तों को राधाकुंड में से परिक्रमा करते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इसी को लेकर आईएएस ईओ रिंकू सिंह राही द्वारा प्लान तैयार किया गया है। प्लान के अंतर्गत गिरिराज परिक्रमा मार्ग में आने वाले ई रिक्शाओं का रूट सौ फुटा रोड गौरा धाम कॉलोनी से गिरिराज परिक्रमा मार्ग के लिए तय किया गया है।अगर कोई ई रिक्शा चालक नियमों का उल्लंघन करता है तो ई रिक्शा को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा तथा कार्यवाही की जाएगी।आईएएस रिंकू सिंह राही द्वारा सुबह नगर के गली मोहल्ले में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई एवं अन्य समस्याओं का जायजा लिया और लोगों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान की बात कही।राधारानी परिक्रमा मार्ग से एक रंग में रंगी सुंदर दीवारों पर सांकेतिक पट्टी का कार्य प्रारंभ कर दिया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रामफल आईएएस ईओ रिंकू सिंह राही सभासद थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्र चौकी प्रभारी शैलेंद्र शर्मा मौजूदगी में आसमानी पट्टी के साथ पीले रंग से रंग जा रहा है।तो वहीं नवागत अधिशाषी अधिकारी रिंकू सिंह राही द्वारा नगर वासियों से अपील की गई।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर बांटी मिठाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुर: 27 साल** बाद दिल्ली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीत कर केंद्र की सत्ता हासिल करती रही भाजपा के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव अबूझ पहले बने हुए थे। पूरी कोशिश के बाद भी भाजपा दिल्ली में सरकार नहीं बना पा रही थी। पहले कांग्रेस इसके बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली में काबिज रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत से भाजपा उत्साहित हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को 27 साल बाद मिली जीत पर होली गेट पर उत्सव मनाया। बीजेपी के कार्यकताओं ने आतिशबाजी की तथा एक दूसरे को मिठाई खिला



कर जीत की बधाई दी। ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री प्रशांत यादव ने कहा कि दिल्ली में अब विकास की गंगा बहेगी। दिल्ली में भी उत्तर प्रदेश के विकास की झलक देखने को मिलेगी। डबल इंजन की सरकार में चहुमुखी विकास होगा। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, अनुराग चतुर्वेदी, डा. संतोष राजोरिया, मंडल अध्यक्ष यषराज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। वहीं कस्बा राया में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आपस में मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया गया। खुशी व्यक्त करने वालों में राकेश बंसल मूली शर्मा मनोज शर्मा हरी मोहन सोलंकी मुरलिया शर्मा हरेंद्र सिंह प्रधान अंकूर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अब नरेला में राज करेंगे 'राजकरण', 8596 मतों से जीते

## नरेला में भाजपा की हुई बहुत बड़ी जीत, राजकरण खत्री को जिता लाए सांसद योगेंद्र चंदोलिया







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला में बन गया है नया इतिहास, अब राजकरण का चलेगा राज। भाजपा की** जीत के सांसद योगेंद्र चंदोलिया बनेगे सरताज। नरेला के चुनावी रण में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली है। 8596 मतों के अंतर से राजकरण ने जीत हासिल कर ली है। नरेला की इस जीत के कई मायने है। यहाँ अब एक नए सूरज का नया आगाज होगा। नाम होगा राजकरण।

**राजकरण खत्री का हुआ फूल-मालाओं से स्वागतः** नरेला विधासभा सीट से जीत दर्ज करने के बाद राजकरण खत्री का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। समर्थकों ने राजकरण खत्री जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद जैसे गगनचुंबी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। राजकरण खत्री ने भी सभी का धन्यावद करते हुए कहा कि यह जीत मेरी जीत न होकर समस्त कार्यकर्ताओं और नरेला विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की है। जिनके आर्शवाद और प्यार से आज मुझे जीत मिली है। मैं भाजपा का छोटा सा कार्यकर्ता हूं, जो पार्टी की नीतियों को जनता के बीच लेकर जाता था। पार्टी और नरेला विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उस पर मैं खरा उतरूंगा। राजकरण खत्री ने कहा कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में अब आपदा खत्म हो गई है अब विकास कार्यो का अंबार लगेगा।

**राजकरण ने पीएम मोदी का जताया आभारः** राजकरण खत्री ने कहा कि दिल्ली के दिल में मोदी बसते हैं। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया, जिन्होंने दिन रात मेहनत की, घर-घर गए, पार्टी के प्रति, प्रधानमंत्री की नीतियों के प्रति जनता के उत्साह को वोट में बदलने में आपने (कार्यकर्ताओं ने) अथक प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले दस सालों में भारत की राजनीतिक संस्कृति में परिवर्तन लेकर आए। वे विकास की राजनीति को लेकर आए। उन्होंने वंचित-पीड़ित की सेवा, उनके जीवनस्तर में परिवर्तन लाने का काम किया। भाजपा ने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति की। जो कहा वो किया, जो नहीं कहा वो भी करके दिखाया। यह मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

**राजकरण खत्री ने आप को लिया आड़े हाथः** राजकरण खत्री ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह चुनाव के नतीजे एक संदेश है कट्टर बेईमान नेता और पार्टी को मुंहतोड़ जवाब है। आम आदमी पार्टी ने जिस तरीके से दिल्ली को कूड़ादान बना दिया था, घर घर के आगे कूड़े के ढेर लगा दिए।

## ...तो यहां पर हार गए थे केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आप** आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा का पूरा चुनाव राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के चेहरे पर लड़ा। आप प्रत्याशियों को उम्मीद थी कि अरविंद केजरीवाल का जादू एक बार फिर चलेगा, लेकिन आबकारी घोटाले के आरोपों से लेकर दिल्ली की बदहाली से परेशान जनता ने न सिर्फ आप बल्कि अरविंद केजरीवाल को सिरे से नकार दिया। पूर्व उप-मुख्यमंत्री से लेकर तमाम प्रत्याशियों को अपने दम पर जिताना तो दूर अरविंद केजरीवाल अपनी ही सीट नहीं बचा सके। हार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अरविंद केजरीवाल को 123 बूथ में से 115 में भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा से हार का सामना करना पड़ा।

**2015 में मिली थी केजरीवाल को बड़ी जीत**
भ्रष्टाचार के विरुद्ध अन्ना हजारे के आंदोलन से निकलकर दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में आम जनता ने बड़ी जीत दिलाई थी।

## इस बार बीजेपी के सामने अपनी सीट नहीं बचा पाए अखिलेश पति त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे शनिवार (8 फरवरी) को घोषित कर दिए गए। इस बार मॉडल टाउन विधानसभा सीट से आप विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। बता दें कि भाजपा उम्मीदवार अशोक गोयल ने कुल 52108 वोट पाकर भाजपा को मॉडल टाउन में वापस ला दिया। अशोक गोयल ने आप उम्मीदवार अखिलेश पति त्रिपाठी को कुल 13415 वोटों से हराया। बता दें कि दिल्ली उत्तर पश्चिम जिले का यह इलाका चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में भी शामिल है। 1977 में यहां पहली बार विधानसभा चुनाव हुए थे। तब जनता पार्टी के महावीर वैद ने कांग्रेस के चमन लाल वर्मा को हराकर विधायक बने थे। कांग्रेस




के कंवर करण सिंह ने लगातार 3 बार इस सीट पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस ने इस सीट पर कुल 4 बार जीत दर्ज की। दिल्ली राज्य की 70 विधानसभा क्षेत्रों में मॉडल टाउन क्षेत्र भी शामिल है। दिल?ली उत?तर पश्चिम जिले का यह इलाका चांदनी चौक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी शामिल है।

**1950 तक एक सामान्य बस्ती**
गौरतलब है कि दिल्ली के पॉश इलाकों में गिना जाने वाला यह इलाका 1950 तक एक सामान्य बस्ती थी। 1950 में दिल्ली सरकार ने इसका विकास किया और यहां कॉलोनियां बनाईं। रिंग रोड और आउटर रिंग रोड से जुड़े होने के अलावा दिल्ली मेट्रो के दो स्टेशन भी इस इलाके से होकर गुजरते हैं। इसके अलावा इस इलाके में बड़े शॉपिंग मॉल, शोरूम समेत कई मशहूर बाजार भी हैं।

## आप' की हार के बाद सचिवालय सीलः फाइलें, कंप्यूटर डाटा चोरी होने का डर!

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बड़े बहुमत की ओर है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। अब तक के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा यहां 27 साल बाद सत्ता में वापसी करने जा रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तक चुनाव हार गए हैं। दोपहर



3.30 बजे तक भाजपा 30 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है, 18 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। दिल्ली में बहुमत का आंकड़ा 36 है। जिसे भाजपा आसानी से पार करते हुए नजर आ रही है।

**आदेश जारी**

▸▸ कैंप कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे विभाग की अनुमति के बिना कोई भी रिकॉर्ड या फाइल न हटाएं

दिल्ली में सत्ता परिवर्तन की लहर को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने एक आदेश जारी किया है।

**आदेश में कही गई ये बात**
इसमें सचिवालय के दस्तावेजों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा गया है कि विभाग की अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर के बाहर नहीं ले जाया जा सकता है।

साथ ही सभी विभागों, एजेंसियों और मंत्रिपरिषद के कैंप कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे विभाग की अनुमति के बिना कोई भी रिकॉर्ड या फाइल न हटाएं।

## दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का श्रेय पीएम मोदी कोः विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार लगातार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली की जनता को बधाई दी और उनका आभार जताया। विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा है कि यह विजय उनकी जनकल्याणकारी नीतियों, विकसित भारत के निर्माण की योजनाओं और प्रभावशाली व कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनाने के लिए दिल्ली की जनता ने आज विकास और समृद्धि का 'कमल' खिलाकर एक इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल सांगठनिक नेतृत्व, गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के असंख्य समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।



रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में भारी मतों से जीत हासिल करने के बाद विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में अपनी विजय यात्रा निकाली।

उनकी जीत का जुलूस रोहिणी के सेक्टर-15 के एनसीसी भवन से शुरू हुआ और सेक्टर 7-8 की डिवाइडिंग रोड और अशोका अपार्टमेंट से होता हुआ सेक्टर 7 के चुनाव कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। विजेंद्र गुप्ता ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास के नए विजन के कारण ही दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म हुआ है और यहां डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने एक फिर से आआपा सरकार के भ्रष्टाचार पर हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार और मुख्यमंत्री आतिशी के झूठे वादों के कारण ही आज दिल्ली में आम आदमी पार्टी को सबसे बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा है।

गुप्ता ने इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना भारी समर्थन देने के लिए दिल्ली की जनता को बधाई दी और उनका आभार जताते हुए कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली में जो सरकार बनेगी।

## अहंकार रावण का भी नहीं बचा थाः स्वाति मालीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नई दिल्ली विधानसभा** सीट से आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव हार गए हैं। केजरीवाल भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा से ये चुनाव हारे हैं। केजरीवाल की हार के बाद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अहंकार रावण का भी नहीं बचा था।

**मैं दिल्ली की जनता का धन्यवाद करता हूंः प्रवेश वर्मा**
नई दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा, "मैं सभी दिल्ली वासियों को बधाई देता हूं, उनका धन्यवाद करता हूं... दिल्ली में बनने वाली यह सरकार प्रधानमंत्री के विजन को दिल्ली में लेकर आएगी। मैं इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को देता हूं। मैं दिल्ली की जनता का धन्यवाद करता हूं। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली की जनता की जीत है।" बता दें कि अरविंद केजरीवाल के अलावा जंगपुरा से आप उम्मीदवार और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पटपड़गंज सीट से आप उम्मीदवार अवध ओझा भी हार गए हैं। वहीं, कालकाजी सीट से आप प्रत्याशी आतिशी चुनाव जीत गई हैं।

**'दिल्ली की जनता प्रयोग की राजनीति से थके'**
भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'हम अभी अंतिम नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। हमें लगता है कि अंतिम नतीजे और भी बेहतर होंगे। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के वादों में लोगों का विश्वास है। ये हमारे लिए सकारात्मक नतीजे हैं। दिल्ली के लोग प्रयोग की राजनीति से थक चुके थे।' दिल्ली चुनाव पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा कि 'मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार का चरित्र अच्छा होना चाहिए।

## केजरीवाल-सिसोदिया हारे, लेकिन आतिशी ने बचाई लाज...

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं चुनाव नतीजों में सभी की नजर दिल्ली की हॉट सीटों पर है। नई दिल्ली में केजरीवाल जीतेंगे या प्रवेश वर्मा इस पर सभी की नजरें थी, लेकिन यहां आप को बड़ा झटका लगा है। नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल भाजपा के प्रवेश वर्मा से हार गए हैं। जंगपुरा से मनीष सिसोदिया हार गए हैं। हालांकि, सीएम आतिशी मालेर्ना ने कालकाजी सीट से



भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को हरा दिया है।

**आतिशी ने बचाई लाज**
कालकाजी विधानसभा सीट से सीएम आतिशी चुनाव जीत गई हैं। आतिशी ने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को चुनाव में हराकर आप की लाज बचाई है। बिजवासन से भाजपा के कैलाश गहलोत ने जीत दर्ज की है। चल रहे हैं। गहलोत आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में आए हैं। रिठाला विधानसभा सीट से भाजपा के कुलवंत राणा ने जीत दर्ज की है।

## 2100 बनाम 2500 रुपयेः 'आप' पर भारी पड़ी बीजेपी की घोषणाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अरविंद** केजरीवाल ने अपनी घोषणाओं में हर महिला को 2100 रुपये प्रति माह का लाभ देने की बात कही। वहीं बीजेपी ने 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया। केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा और ऐसे ही बड़े वादे जनता के सामने रखे, जो केजरीवाल की योजनाओं पर भारी पड़े। बड़ी बात यह कि महाराष्ट्र में 'लाडकी बहना' और उससे पहले मध्यप्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी' योजना सफल रही। बीजेपी ने इन राज्यों में महिलाओं के खातों में पैसा जमा करके दिल्ली की जनता को बता दिया कि वे जीतने के बाद योजना की राशि देने में जरा भी देर नहीं करेंगे। केजरीवाल की घोषणाओं पर बीजेपी की घोषणा इसी वजह से भारी पड़ी।

**प्रवेश वर्मा अघोषित सीएम फेस, जाट वर्ग को साधने की कोशिश**
बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल के सामने अघोषित रूप से प्रवेश को सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट किया। 8 फरवरी को बीजेपी की जीत के बाद प्रवेश वर्मा को अपने घर बुलाकर अमित शाह ने उनसे बातचीत की। प्रवेश वर्मा पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं, जो प्रखर और विनम्र वक्ता रहे और जाटों के बड़े नेता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। प्रवेश वर्मा को अपने पिता की ही तरह सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट करने की रणनीति के कारण ही उन्हें लोकसभा चुनाव बीजेपी ने नहीं लड़वाया। हालांकि वे सीएम फेस रहेंगे,



इसकी बीजेपी ने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की, लेकिन ऐसी चर्चाओं का खंडन भी नहीं किया।

**12 लाख आय पर छूट, 8वें वेतन आयोग की घोषणा की टाइमिंग**
दिल्ली में करीब 3.38 करोड़ लोग निवास करते हैं। इनमें एक बड़ी आबादी मिडिल क्लास की है। करीब 67 फीसदी लोग मध्यम वर्ग में आते हैं। चुनाव से ठीक पहले बीजेपी ने बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स में शत प्रतिशत छूट देकर मिडिल क्लास में खुशी की लहर दौड़ा दी। यही नहीं, चुनाव से कुछ ही दिन पहले बीजेपी ने आठवें वेतन आयोग का गठन करने की घोषणा से सरकारी वर्ग के मिडिल क्लास को खुशखबरी दे डाली इन दोनों घोषणाओं की टाइमिंग ऐसी रही कि कुछ ही दिन बाद मिडिल क्लास को दिल्ली में सरकार चुनने के लिए वोट डालना था। नतीजा बीजेपी के पक्ष में आया।

**बीजेपी का तगड़ा रहा चुनाव मैनेजमेंट और 'आप' छोड़ते रहे नेता**
विधानसभा चुनाव से ऐनवक्त पहले आम आदमी पार्टी के करीब 8 बड़े नेताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया। इससे पहले भी पार्टी टूटकर आप नेता बीजेपी में शामिल हो गए। इनमें कैलाश गहलोत का नाम भी शामिल है। वहीं राजेंद्रपाल गौतम ने कांग्रेस का हाथ थामा।
बीजेपी ने चुनाव का तगड़ा मैनेजमेंट किया, जिससे आप पार नहीं पा सकी।

स्टार कैंपेनर सहित खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचार की कमान संभाली और धुआंधार जनभाएं कीं। इसके अलावा बीजेपी ने अपने सभी मंत्रियों और सीएम और स्टार प्रचारकों तक की पूरी मशीनरी लगा दी। आप का चुनाव मैनेजमेंट बीजेपी के मुकाबले काफी कमजोर रहा। ज्यादातर पुराने नेताओं पर ही आप ने भरोसा जताया। जबकि बीजेपी ने बड़ी संख्या में नए चेहरों को मौका दिया।
सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर सांसद रवि किशन, मनोज तिवारी और गिरिराज सिंह तक स्टार प्रचारकों ने जमकर प्रचार किया। जाट, उत्तराखंडी, बिहारी और पंजाबी मतदाताओं को साधने के लिए बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारा।